फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 263 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
21 मार्च 2025 शुक्रवार

आज का मौसम
29 अधिकतम
17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

## मप्र विधानसभा का बजट सत्र: रीवा में थाना प्रभारी को सस्पेंड करने की घोषणा

# कांग्रेस विधायक ने उठाया परिवार का मामला तो भावुक हो गए मंत्री, एक्शन

**भोपाल ,दोपहर मेट्रो**



विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन आज कई मामलों में पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने की भरपूर कोशिशें कीं। एक मामले में पक्ष और विपक्ष के विधायकों के सुर व दर्द भी करीब करीब एक जैसे नजर आए तथा एक मंत्री कुछ भावुक भी दिखे। दरअसल गृह राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल उस समय भावुक हुए जब एक विधायक ने यह कहा गया कि विधायक और उसका परिवार सुरक्षित नहीं है। ऐसे मामले में सरकार को फैसला लेना चाहिए। कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने प्रश्नोत्तर काल के दौरान कानून व्यवस्था के मामले में कहा कि सेमरिया विधानसभा से उनका चुनाव लड़ना अपराध हो गया है। थाना चोरहटा में उनके और उनके बेटे विभूति नारायण मिश्रा के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। अपने परिवार के सदस्यों के पर दर्ज हुए प्रकरण को लेकर उन्होंने कहा-प्रभारी उपनिरीक्षक और फिर बाद में निरीक्षक द्वारा केस दर्ज करने के बाद खात्मा लगा दिया गया। इसके जवाब में मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि परिवार से जुड़ा मसला हो तो केस के निराकरण के लिए दूसरे रास्ते हो सकते हैं। ज्ञात हो कि मंत्री पटेल के बेटे के साथ भी पिछले साल लगभग इसी तरह की घटना हो चुकी है।

उसे याद कर वे भावुक हुए और कहा कि उनके बेटे के खिलाफ भी थाने में केस है। इससे पहले मंत्री ने कहा कि अभय मिश्रा के मामले में दोनों ही अधिकारी एक नहीं थे। रिपोर्ट करने वाले हीरामणि पटेल थे, जांच करने वाले राजेश तिवारी थे। मंत्री ने कहा- यह सच है कि थाना प्रभारी एक है। मंत्री ने कहा कि वह सहमत हैं कि भोपाल से अधिकारी भेजकर उच्च स्तरीय जांच करा ली जाए। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई करेंगे। मिश्रा ने कहा कि न्याय के लिए आपके चरणों में गिरने को तैयार हैं पर कार्यवाही होनी चाहिए। इस पर मंत्री पटेल ने कहा कि किसी तरह का अन्याय नहीं होने देंगे।फरियादी ने झूठी रिपोर्ट लिखाई थी। झूठी रिपोर्ट करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने घोषणा कीं, कि थाना प्रभारी को निलंबित करेंगे और जांच कराएंगे। इस बीच कांग्रेस विधायक अजय सिंह ने कहा कि



### जयवर्धन बोले- कांग्रेस विधायकों से भेदभाव हो रहा

इधर सदन की कार्रवाई से पहले राघोगढ़ से कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा सरकार कांग्रेस के विधायकों के साथ भेदभाव कर रही है। विधायकों से 15 करोड़ रुपए देने का वादा किया था। भाजपा के विधायकों ने सरपंचों के साथ सेटिंग कर ली, लेकिन उन्हें पैसे नहीं मिले तो अब सरपंच और विधायक दोनों परेशान हो रहे हैं।

अगर पहले ऐसी कार्रवाई हो जाती तो मऊगंज जैसी घटना नहीं होती। इस पर जमकर शोर-शराबा हुआ। इसके बाद नेता प्रतिरोध प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विधायक नारायण सिंह पट्टा के साथ भी ऐसे ही घटना हो चुकी है। जो अच्छा करे उसे सजा नहीं मिलनी चाहिए, लेकिन जो गलत करे उसे सजा मिलनी चाहिए। इस दौरान विधायक भंवर सिंह शेखावत ने कहा कि पुलिस का काम विवादों में हो रहा है। कहीं पुलिस पिट रही है, कहीं दूसरा काम कर रही है।

आज सदन में ध्यानाकर्षण के जरिए विधायकों ने कई मामले उठाने की तैयारी भी कर रखी है। भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के कार्यों में हुई गड़बड़ी का मामला उठाएंगे। तो टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह भू-अभिलेख के राजस्व रिकॉर्ड के संधारण न होने से हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाएंगे। भोपाल दक्षिण-पश्चिम से विधायक भगवानदास सबनानी कोटरा स्थित गंगा नगर में पीएम आवास निर्माण कार्य अधूरा रहने का मामला, सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह सिरमौर में सिंचाई के पानी की अनुपलब्धता की समस्या पर, अभय मिश्रा रीवा में नहरों के निर्माण में हुई अनियमितताओं का, फुंदेलाल मार्को अनूपपुर में पदस्थ उप संचालक द्वारा सरकारी राशि के गबन का व नागदा विधायक तेजबहादुर सिंह चौहान उज्जैन जिले में गिरफ्तार अपराधी पर कार्रवाई न होने का मामला ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाएंगे।

# सब कुछ कागजों पर... धान की खरीदी में बड़ा फर्जीवाड़ा

### जबलपुर में 74 लोगों पर एफआईआर दर्ज कर्मचारी और राइस मिलर्स की सांठगांठ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई



**जबलपुर, एजेंसी**

धान की खरीदी, परिवहन और मिलिंग में फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ जबलपुर में इस बार अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई हुई है। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर फर्जीवाड़े में शामिल 74 लोगों के खिलाफ 12 थानों में एफआईआर दर्ज की गई है। इस पूरे खेल में 13 कर्मचारी, 17 राइस मिलर, 25 सोसाइटी के 44 कर्मचारियों समेत 74 लोगों के विरुद्ध एफआईआर है। मामला दर्ज होते ही पुलिस ने खोजबीन शुरू कर दी है। कई जगह छापेमारी भी की जा रही है। इसके चलते सुबह से ही जिला प्रशासन की कार्रवाई को लेकर हड़कंप मचा रहा। इसकी भनक लगते ही मिलर्स, सोसाइटी प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर और कर्मचारी अपने मोबाइल बंद कर फरार हो गए। इस फर्जीवाड़े की जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। बताया जाता है कि स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन से जुड़े कर्मचारियों ने मिलर, सोसाइटियों के साथ मिलकर कागजों पर धान चढ़ाई, परिवहन किया और फर्जी रिलीज ऑर्डर काटे। करीब 30 करोड़ 14 लाख की धान कागजों पर खरीद ली गई। इसमें से करीब 14 करोड़ की धान जबलपुर के बाजार में ही बेंची गई और शेष 16 करोड़ की धान को आनलाइन पोर्टल पर चढ़ाया।

### दलालों को बेची धान

ग्वालियर, उज्जैन, मुरैना, मंडला, मनेरी आदि स्थानों के मिलर्स द्वारा सोसाइटी से धान उठाने के बजाए स्थानीय दलालों को बेची गई। इन्होंने कागजों पर ट्रक से धान का फर्जी परिवहन दिखाया, जबकि न तो इन ट्रक का टोल कटा और न ही टोल कैमरे में दिखे। जांच समिति ने यह गड़बड़ी पकड़ने के लिए धान का परिवहन करने वाले ट्रक का एनएचएआइ के टोल नाके से मूवमेंट की जांच की। परिवहन विभाग की सहायता से ट्रक की श्रेणी प्रकार और लोडिंग क्षमता की जांच में गड़बड़ी सामने आई और ट्रक यहां से गुजरे नहीं।

## मजिस्ट्रेट के घर से मिला कैश, हुआ तबादला

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर भारी मात्रा में कैश बरामद होने के बाद उनके ट्रांसफर की सिफारिश की गई है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उन्हें वापस इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजने का फैसला किया है। खबरों के मुताबिक होली की छुट्टियों के दौरान जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी बंगले पर आग लग गई थी।पुलिस और फायरब्रिगेड की टीम जब घर पर आग बुझाने गई तो उन्हें भारी मात्रा में कैश मिला। खबरों के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना को जब जानकारी मिली तो कॉलेजियम ने उनका ट्रांसफर कर दिया।

# शिवराज के विशेष सहायक बने सीहोर कलेक्टर सिंह



**भोपाल ,दोपहर मेट्रो**

केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का विशेष सहायक अब सीहोर में कलेक्टर रहे प्रवीण सिंह को बनाया गया है। वर्ष 2012 बैच के इस अधिकारी को विशेष सहायक बनाने के आदेश कार्मिक मंत्रालय के डीओपीटी द्वारा जारी हुआ है। सिंह की पोस्टिंग केंद्र में उप सचिव स्तर के अधिकारी के रूप में की गई है। उधर एक आईपीएस अधिकारी आदित्य प्रताप सिंह को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर कवीन व नवीकरणीय ऊर्जा विभाग में प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया है।

इससे पहले आईएएस अफसर पंकज जैन को केंद्रीय कोयला और खान मंत्री के स्टाफ में विशेष सहायक बनाया था। वहीं तेजस्वी नायक विशेष सहायक केंद्रीय मंत्री भारी उद्योग मंत्री, विजय दत्ता विशेष सहायक केंद्रीय शहरी विकास मंत्री, बक्की कार्तिकेयन विशेष सहायक केंद्रीय खान मंत्री तथा हर्ष दीक्षित स्वास्थ्य व रसायन उर्वरक मंत्री के स्टाफ में विशेष सहायक हैं।

जैन के पहले एमपी कैडर के चार अधिकारी केंद्रीय मंत्रियों के यहां विशेष सहायक के रूप में काम कर रहे थे। इन अफसरों के पहले संकेत भोंडवे, नवनीत मोहन कोठारी, निकुंज श्रीवास्तव और विशेष गढ़पाले केंद्रीय मंत्रियों के यहां विशेष सहायक रह चुके हैं। अब प्रवीण सिंह अधयक को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के विशेष सहायक के लिये जल्द रिलीव होंगे।

## दुष्कर्म की सुनवाई के दौरान निर्णय

# कोर्ट के फैसले पर देशभर में छिड़ी चर्चा



**प्रयागराज/नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले पर देशभर में चर्चा हो रही है। इसे लेकर लोगों की तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं भी आ रही हैं। इस फैसले में जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्र ने दुष्कर्म की एक याचिका पर सुनवाई करते कहा था कि स्पर्श करना और वस्त्र का नाड़ा खोलना दुष्कर्म नहीं है। जस्टिस मिश्र की एकल पीठ ने इसे दुष्कर्म न मानते हुए 'गंभीर यौन उत्पीड़न' माना। अब राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा है कि यह गलत है और राष्ट्रीय महिला आयोग को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाना चाहिए। न्यायाधीश संवेदनशील नहीं हैं, तो महिलाएं और बच्चे क्या करेंगे? उन्हें इस कृत्य के पीछे की मंशा को देखना चाहिए। यह पूरी तरह से गलत है और मैं इसके खिलाफ हूं।

## पटना में बिहार के सीएम का नया विवाद

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगान रुकवाया, फिर शुरू हुआ तो मंच पर टहलते रहे !

**पटना, एजेंसी**

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने एक कार्यक्रम में राष्ट्रगान को शुरू होने से पहले ही रुकवाकर नया विवाद पैदा कर दिया है। उन्होंने मंच से इशारों में कहा कि पहले स्टेडियम का चक्कर लगाकर आते हैं, फिर शुरू कीजिएगा। सीएम का संकेत मिलते ही मंत्री विजय चौधरी ने राष्ट्रगान बंद करा दिया। नीतीश पाटलिपुत्र खेल परिसर में सेपक टाकरा वर्ल्ड कप का उद्घाटन करने पहुंचे थे। स्टेडियम का चक्कर लगाने के बाद वे मंच पर लौट आए तो राष्ट्रगान शुरू हुआ। मगर इस दौरान भी नीतीश हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते रहे। प्रधान सचिव दीपक कुमार ने इशारा कर सीएम को रोकना चाहा। लेकिन वह तब भी नहीं माने और पत्रकारों की तरफ देखकर प्रणाम करने लगे।

## संघ की बैठक में मनमोहन व जाकिर को श्रध्दांजलि

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महत्वपूर्णअखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, तबलावादक ज़ाकिर हुसैन, गायक श्याम बेनेगल, बिबेक देवरॉय, देवेंद्र प्रधान और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एस एम कृष्णा सहित कई विभूतियों को श्रद्धांजलि दी गई है। इस महत्वपूर्ण बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत भी मौजूद रहे। बैसठक में हिंदु प्रतिनिधियों, चिन्मय समूह जैसे इस्कॉन प्रमुखों ने मुलाकात की और तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई। सह-सरकार्यवाह सीआर मुकंदा ने कहा कि मणिपुर में भी हमने काम किया,वहां स्थिति ठीक नहीं थी, 20 महीने से जो घाव है, उसे भरने में अभी बहुत वक्त लगेगा। मुकंदा ने कहा कि डिलिमिटेशन का मुद्दा राजनीति से प्रेरित हैं जबकि गृह मंत्री ने साफ कर दिया है कि जो मौजूदा अनुपात है उसी के हिसाब से विस्तार किया जाएगा।

**मेट्रो एंकर**

## ट्रंप ने कहा कि अच्छी शिक्षा नहीं दे पाया अमेरिका

# अब शिक्षा विभाग ही बंद किया ट्रंप ने, मगर सीनेट में अटक सकता है फैसला



**वाशिंगटन, एजेंसी**

अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शिक्षा विभाग ही बंद करने से जुड़े आदेश पर दस्तखत करके नई बहस को जन्म दे दिया है। ट्रम्प ने दस्तखत करने के बाद कहा कि अमेरिका लंबे समय से छात्रों को अच्छी शिक्षा नहीं दे रहा है। जबकि अमेरिका किसी भी देश की तुलना में शिक्षा पर सबसे ज्यादा खर्च करता है, लेकिन सफलता की बात आती है तो देश लिस्ट में सबसे निचले स्थान पर है। शिक्षा विभाग सुधार में फेल रहा। अब यह हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। हालांकि, आदेश में कहा गया कि दिव्यांग बच्चों के लिए ग्रांट और फंडिंग जैसे जरूरी प्रोग्राम जारी रहेंगे। ये प्रोग्राम अन्य एजेंसियों को सौंपे जाएंगे। ट्रम्प ने भाषण के दौरान अमेरिकी शिक्षकों की तारीफ की और कहा कि उनका ध्यान रखा जाएगा। मगर शिक्षा विभाग कोई बैंक नहीं है। ऐसे काम कोई और जिम्मेदार संस्था करेगी। अब से इस पर शिक्षा विभाग का अधिकार नहीं होगा, बल्कि राज्यों और स्थानीय समुदायों को इसकी जिम्मेदारी मिलेगी।

दरअसल, 2024 में शिक्षा विभाग का बजट 238 बिलियन डॉलर ( 20.05 लाख करोड़ रुपये ) का था। यह देश के कुल बजट का करीब 2 फीसद है। विभाग के पास लगभग 4,400 कर्मचारी हैं। यह बाकी सारे विभागों की तुलना में सबसे कम है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ट्रम्प के आदेश के बाद शिक्षा विभाग को बंद करना मुश्किल है। दरअसल, इसे बंद करने लिए अमेरिकी सीनेट ( संसद का ऊपरी सदन ) में 60 वोटों की जरूरत होगी, लेकिन यहां ट्रम्प की रिपब्लिकन के पास सिर्फ 53 सीटें हैं। ट्रम्प को 7 डेमोक्रेटिक सांसदों का वोट चाहिए जो कि राजनीतिक तौर पर असंभव काम है।

दूसरी तरफ ट्रम्प के आदेश पर साइन करने के बाद शिक्षा विभाग ने एक बयान जारी किया और इसे ऐतिहासिक बताया। विभाग ने कहा- हम कानून का पालन करेंगे। संसद और राज्यों के साथ मिलकर नौकरशाही को खत्म करेंगे। इस फैसले से अमेरिकी छात्रों की आने वाली पीढ़ियां मुक्त होंगी और वे बेहतर शिक्षा हासिल कर पाएंगे। वहीं, अमेरिकन काउंसिल ऑन एजुकेशन के अध्यक्ष टेड मिशेल ने ट्रम्प के इस कदम की निंदा की है। उन्होंने इसे एक %राजनीतिक नाटक% करार दिया और कहा कि इस फैसले से फंडिंग में कमी आएगी जिससे विभाग में कर्मचारियों की संख्या में कटौती होगी। इससे देश में हायर एजुकेशन को नुकसान पहुंचेगा।

### शिक्षा विभाग क्यों बंद करना चाहते हैं ट्रम्प

ट्रम्प का आरोप है कि अमेरिकी स्कूल बच्चों को रेडिकल और एंटी अमेरिकन बना रहे हैं। ट्रम्प स्कूल से जेंडर डिस्फोरिया को खत्म करना चाहते हैं। जेंडर डिस्फोरिया को इस उदाहरण से समझ सकते हैं कि कोई व्यक्ति जो जन्म के समय महिला के रूप में पहचाना गया (जैविक लिंग), लेकिन खुद को पुरुष के रूप में महसूस करता है (लिंग पहचान)। ऐसे में वह खुद के पुरुष होने का दावा कर सकता है। ट्रम्प इसे 'ट्रांसजेंडर पागलपन' कहते हैं।

# ऐसे बर्बाद होती है सड़क...!



राजधानी में 6 नंबर मार्केट के पास की मुख्य सड़क पर दिनभर ट्रैफिक जाम की नौबत आती रहती है। वजह यह है कि हॉकर्स कॉर्नर और नगरीय प्रशासन विभाग के दफ्तर की गाड़ियां सड़क पर पार्क की जाती हैं, इससे मंत्रालय से आकर नूतन कॉलेज जाने वाली सड़क पर दिनभर अव्यवस्था मची रहती है।

# मेट्रो में सफर का इंतजार बरकरार, अब कमर्शियल रन जून नहीं अगस्त में होगा

## 6.22 किमी की दूरी मात्र 11 मिनट में पूरी की जा सकेगी





### कमर्शियल रन में मेट्रो की स्पीड 70-90 किमी प्रति घंटा होगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल मेट्रो का जून में शुरू होने वाला कमर्शियल रन अब अगस्त 2025 में शुरू होगा। इससे पहले मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन एम्स, अलकापुरी और डीआरएम मेट्रो स्टेशन का काम पूरा करेगा। सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बीच लगभग काम पूरा हो गया है। अब इन स्टेशनों पर फिनिशिंग का काम चल रहा है। भोपाल मेट्रो का कमर्शियल रन सुभाष नगर से एम्स भोपाल मेट्रो स्टेशन के बीच शुरू होगा।

कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने अब इसकी नई तारीख अगस्त 2025 दी है। कमर्शियल रन में मेट्रो की स्पीड 70-90 किमी प्रति घंटा होगी, जिससे 6.22 किमी की दूरी मात्र 11 मिनट में पूरी की जा सकेगी।

पिछले दिनों विधानसभा की प्राक्कलन समिति ने भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया था। समिति ने मेट्रो के काम में देरी को लेकर नाराजगी जताई थी। उस समय मेट्रो रेल कारपोरेशन के अधिकारियों ने 15 अगस्त तक कमर्शियल रन शुरू करने की समयसीमा दी थी।

### 21 मेट्रो कोच के सेट आना बाकी, 6 भोपाल पहुंची

भोपाल मेट्रो स्टेशन पर तीन-तीन कोच की मेट्रो को शुरुआत में चलाया जाएगा। स्टेशन छह कोच के हिसाब से तैयार किए गए हैं। अभी भोपाल में 6 मेट्रो कोच के सेट आ गए हैं। इस तरह के कुल 27 मेट्रो कोच के सेट भोपाल आएंगे। अभी 21 मेट्रो कोच के सेट आना बाकी हैं।

### पहले रेलवे ब्रिज पर मेट्रो का लोड भी चेक किया जाएगा

पहले रेलवे ब्रिज पर मेट्रो का लोड भी चेक किया जाएगा। इसके बाद सब कुछ ठीक रहने पर मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर मई या जून में ट्रैक का निरीक्षण कर सकते है, जिनकी रिपोर्ट ठीक आने पर कमर्शियल रन शुरू हो जाएगा।

# सड़क किनारे ड्रेनेज सिस्टम ढक्कन लगाने में लापरवाही अधीक्षण यंत्री से जवाब तलब

## मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के तीन मामलों में लिया संज्ञान

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के तीन मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला हमीदिया रोड़ से भोपाल टॉकिज तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने का सामने आया है।

आयोग के संज्ञान में आया है कि, सड़क के दोनों तरफ बनने वाले ड्रेनेज सिस्टम को ढक्कन लगाकर बंद नहीं किया जा रहा है। ड्रेनेज सिस्टम में ढक्कन नहीं लगाने के कारण सड़क किनारे आवाजाही करने वाले राहगीरों एवं वाहन चालकों के लिये खतरा बना हुआ है और साथ ही बड़ी दुर्घटना होने की सम्भावना बनी हुई है। मामले में आयोग ने अधीक्षक यंत्री, लोक निर्माण विभाग को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने जन सुरक्षा के लिए किए गए सुरक्षा उपायों के संबंध में की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी तलब की है।

आयोग ने बैरागढ़ स्थित नगर निगम की मल्टीलेवल पार्किंग में बनी लिफ्ट के बंद होने और बिट्टन मार्केट में सब्जी बाजार के सामने सड़क की मरम्मत नहीं होने से वहां सीवेज का गंदा पानी जमा होने के मामले में संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश देने के साथ रिपोर्ट भी तलब की है।

# नगर निगम बजट बैठक अब तक नहीं, कांग्रेस पार्षद हमलावर लगातार देरी से बैठकें

**भोपाल।** नगर निगम की बजट बैठक की ही अभी तक तिथि तय नहीं हो पाई है। इससे कांग्रेस पार्षद विरोध में उतर आए हैं। निगम में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने कहा कि नियमानुसार मीटिंग हर दो माह में होनी चाहिए, लेकिन अब तक तीन महीने बीत चुके हैं। बावजूद अब तक न तारीख तय हुई है और न ही एजेंडा सामने आया है। उन्होंने बताया, इसे लेकर 17 फरवरी को भोपाल कमिश्नर संजीव सिंह को लेटर भी लिखा था। इसके बाद निगम कमिश्नर को मीटिंग के लिए जरूरी कार्रवाई करने के आदेश दिए गए थे, लेकिन अब तक आदेश का पालन नहीं हो पाया।

इसलिए आज सभी पार्षद फिर कमिश्नर सिंह से मिलेंगे और आपत्ति दर्ज कराएंगे। वरिष्ठ पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान ने कहा कि लगातार दूसरी बार मीटिंग देरी से होगी। जिससे शहर से जुड़े मुद्दों पर बात नहीं कर पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पिछली बैठक 13 दिसंबर 2024 को हुई थी। यह मीटिंग करीब तीन महीने में हुई थी, जबकि नियम 2 महीने के अंदर का है। इस बार भी एक महीना ज्यादा बीत चुका है। ऐसे में विपक्ष यानी, कांग्रेस पार्षद विरोध जता रहे हैं। हालांकि, 24-25 फरवरी को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट थी। मीटिंग में देरी होने की वजह इसे ही बताया जा रहा है। अब कहा जा रहा है कि निगम की बजट मीटिंग 25 मार्च को संभावित है, पर इसका एजेंडा जारी नहीं किया गया है। दूसरी ओर, एमआईसी की मीटिंग में भी बजट पर चर्चा नहीं हुई है। इस वजह से कांग्रेस पार्षद हमलावर हुए हैं।

बताया जा रहा है कि इस महीने के अंत तक संभावित निगम की बजट मीटिंग में जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं। संभावना है कि शहर सरकार जलकर को 10 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है। ऐसा होता है जनता को हर महीने 20 रुपए ज्यादा चुकाने पड़ेंगे। वहीं, पानी के बल्क कनेक्शन की राशि आधी की जा सकती है। यह बजट ढाई हजार करोड़ रुपए से अधिक का हो सकता है।

## संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में 22 मार्च को आयोजन होगा

# उच्च शिक्षा में प्राचीन ज्ञान प्रणाली को लेकर एनईपी की भूमिका पर मंथन







**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, संतनगर उच्च शिक्षा में प्राचीन ज्ञान प्रणाली को फिर से स्थापित करने में एनईपी की भूमिका पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है, 22 मार्च होने वाले सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 किस प्रकार भारत की समृद्ध प्राचीन ज्ञान प्रणालियों को आधुनिक उच्च शिक्षा में शामिल करेगा, इस पर मंथन किया जाएगा।

सम्मेलन प्राचीन भारतीय विज्ञान और नवाचार, वाणिज्य, प्रबंधन और प्राचीन भारत में आर्थिक विचारधारा, शिक्षा, नीति और पाठ्यक्रम सुधार, कला, संस्कृति, मानविकी और भाषायी विरासत, आयुर्वेद, वैदिक गणित और खगोल विज्ञान की खोज, प्राचीन व्यापार प्रणालियों, अर्थशास्त्र और अर्थशास्त्र का विश्लेषण, पारंपरिक शिक्षा पद्धतियों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुरूप बनाने में एन.ईपी.की भूमिका, संस्कृत, क्षेत्रीय भाषाओं, साहित्य और कलात्मक परंपराओं के पुनः स्थापना पर केंद्रित चर्चा करेगा।

### यह विशेषज्ञ शामिल होंगे

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. अमिताभ सक्सेना, कार्यकारी निदेशक, प्रशिक्षण एवं विकास अनुसंधान नीति संस्थान, एजेयू होंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. संस्मिति मिश्रा, एचओडी और वरिष्ठ प्रबंधक, उद्यमिता, व्यवहार विज्ञान और प्रबंधन विभाग होंगी। इसके साथ ही सम्मेलन में शैक्षणिक विशेषज्ञों का एक पैनल भी शामिल होगा, जिसमें अध्यक्ष, डॉ. लावण्या भगवतुला,डॉ. दीपक मोटवानी,प्रो. पवित्रा श्रीवास्तव,डॉ. आयुष्मान गोस्वामी हैं। मुख्य वक्ता, काशमा पुनतांबेककर, मयंक जैन ,डॉ. जया शर्मा, डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. सुयश विजय प्रधान एवं डॉ. अनिता यादव हैं।

## नवनिध में 'स्वागत एवं परिचय' सत्र विद्यालय की नियमावली समझाई



**हिरदाराम नगर।** नवनिध स्कूल में कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाली छात्राओं के अभिभावकों के लिए 'स्वागत एवं परिचय' सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों को विद्यालय की नियमावली, अपेक्षाएँ तथा छात्राओं के शैक्षणिक व रचनात्मक विकास के लिए होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया गया। प्राचार्या अमृता मोटवानी ने कहा, संकल्प और सही मार्गदर्शन से असंभव को भी संभव किया जा सकता है। शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका बच्चियों को उड़ान भरने के लिए पंख देने की है। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर रीटा आहूजा ने अभिभावकों को विद्यालय की कार्यप्रणाली एवं नियमों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव घनश्याम बूलचंदानी, उप प्राचार्या रेखा केवलानी, विद्यासागर पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी, विद्यालय की कोऑर्डिनेटर रीटा आहूजा, कक्षा पहली की कक्षा अध्यापिकाएँ प्रियंका कपूर, कंचन लालवानी एवं नेहा दादलानी सहित अभिभावकगण उपस्थित रहे। कक्षा अध्यापिकाओं का परिचय अभिभावकों से कराया गया। कार्यक्रम का संचालन लता मनवानी ने किया।

## पंकज आडवाणी हरी झंडी देकर करेंगे रवाना

# हेमू कालानी के जन्म दिन पर सिंधी मैराथन 23 को



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सिंधी मेला समिति द्वारा 23 मार्च को शहीद हेमू कालानी के जन्म दिवस के अवसर सुबह 6ः00 बजे सिंधी समाज के युवाओं के लिए सिन्धी मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी, महासचिव नरेश तलरेजा, इस मैराथन कार्यक्रम के संयोजक कपिल भाटिया सह-संयोजक राम आसुदानी एवं दीपक राजानी ने मैराथन को लेकर अपनी बात रखी।

दरयानी ने बताया कि भोपाल में पहली बार सिन्धी मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इस मैराथन के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा, इसके अलावा इस सिन्धी मैराथन में विशेष अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खेल हस्ती, पद्मश्री एवं पद्मभूषण से सम्मानित पंकज आडवाणी को आमंत्रित किया गया है।

### लालघाटी मार्ग से शुरू होगी

सिन्धी मैराथन के संयोजक भाटिया ने बताया कि यह मैराथन लालघाटी स्थित सनसिटी गार्डन से सुबह 6 बजे स्टार्ट होगी, यह मैराथन 2.5 किमी 5 किमी की श्रेणियों में आयोजित होगी। 2.5 किमी सनसिटी से नीना पैलेस यू टर्न लालघाटी होते हुए वापस सनसिटी पहुँचेगी, एवं 5 किमी वाली सनसिटी से नीना पैलेस यू टर्न लालघाटी चौराहा होते हूए वी.आई.पी रोड होते हुये इंपीरियल सेब्रे होते हुये वापस सनसिटी पहुँचेगी। सभी प्रतिभागियों को इस मैराथन के लिए टीशर्ट भी उपलब्ध करवाई जायेगी।

### यह युवा होंगे खास

भोपाल के सिन्धी युवा दीपक राजानी, कमलेश चांदवानी, कविता चांदवानी, पूजा भाटिया, सागर, मनोज नागरानी, किरन बत्रा , संतोष लालचंदानी, करण भागचंदानी आदि आगे बढ़कर न सिर्फ मैराथन में हिस्सा लेंगे बल्कि इस आयोजन के लिए व्यवस्थाओं में समिति को अपनी सेवाएं भी प्रदान कर रहें हैं।

# विधानसभा के सभागार में माननीयों ने मनाया फाग उत्सव



## सीएम समेत कई मंत्री भी थिरके...

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** मप्र विधानसभा में बीती शाम होली उत्सव के नाम रही। दरअसल बजट सत्र के सातवें दिन देर रात तक विधानसभा के मानसरोवर सभागार में फाग महोत्सव का आयोजन हुआ। इसमें सीएम डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस और भाजपा के विधायकों के साथ फूलों से होली खेली। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने गाना गया। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से लेकर सीएम डॉ. मोहन यादव, मंत्री प्रहलाद पटेल समेत अन्य मंत्री और पक्ष-विपक्ष के विधायक जमकर थिरके। सिरोंज से भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने तो सीएम के हाथ पक?कर उनके साथ डांस किया। सीएम ने विजयवर्गीय के साथ गोविंदा आला रे गाना भी गाया। यह आयोजन विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मानसरोवर सभागार में किया था। इसमें संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा- दरअसल, मैं गाता तब हूं जब सामने कोई नाचता है। अब फ्रंट लाइन के लोगों को तय करना प?गा कि मैं गाऊं या नहीं? मैं कोई छोटा-मोटा गायक तो हूं नहीं। मुख्यमंत्री, स्पीकर, डिप्टी सीएम सहित तमाम नेताओं को विजयवर्गीय ने मंच पर बुलाया। इसके बाद विजयवर्गीय ने देशभक्ति गीत गाया- दिलवर के लिए दिलदार हैं हम, दुश्मन के लिए तलवार हैं हम, मैदान में अगर हम डट जाएं, मुश्किल है कि पीछे हट जाएं। आगे उन्होंने गाया..हिन्दी, हिन्दू, हिन्दुस्तान खतम करेंगे पाकिस्तान..

इसके बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के साथ गोविंदा आला रे आला, जरा मटकी संभाल बृजवाला गाया। राधे-राधे जपो चलो आएंगे बिहारी गाने की धुन पर विधायक और मंत्री थिरकते नजर आए। देर रात तक फाग उत्सव चलता रहा।

# आग से धधक रहे जंगल अफसरों को पता ही नहीं?

## मध्यप्रदेश ने जंगल में आग की घटनाओं के मामलों में कई राज्यों को पीछे छोड़ा

## आग न लगे और लगने के बाद काबू पाने के सारे दावे फेल



भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मप्र के जंगल आग से धधक रहे। एक दिन में सैकड़ों हेक्टेयर जंगल प्रभावित हो रहा। रंगपंचमी के दिन बुधवार को एक दिन में 51 से अधिक स्थानों पर आग लगी। जिसमें बुरी तरह नुकसान हुआ। ये घटनाएं बता रही है कि आग न लगे और लगने की स्थिति में उस पर काबू पानी के वन विभाग के अफसरों के दावे खोखले है। यह हाल तब है जब वन विभाग वनों को आग से बचाने के नाम पर हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है। उल्लेखनीय है कि इंदौर, देवास, बैतूल, छिंदवाड़, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, विदिशा, सीधी, बुरहानपुर, अलीराजपुर, खंडवा, दमोह जैसे कई जिलों में आग की घटनाएं बढ़ी है।

### आग लगने के संभावित कारण

- महुआ के पेड़ों में महुआ फूल आए है, जिन्हें लोग एकत्रित करके सुखाकर बेचते हैं। इन्हें एकत्रित करने में पेड़ों के नीचे पतझड़ का कचरा आड़े आता है, जिसे साफ करने के लिए आग लगाई जाती है, जो जंगल में फैल जाती है।
- वन संपदा हासिल करने, वन महकमा का ध्यान भटकाने जैसे कारणों के चलते भी आग लगा दी जाती हैं।
- कई बार पौधा रोपण जैसे कामों के नाम पर भ्रष्टाचार करने और उनके साक्ष्य मिटाकर आग की घटनाओं का हवाला देकर बचने जैसे कारणों के चलते भी आग लगाई जाती है।

### कार्यशाला और संसाधनों के नाम पर करोड़ों रुपए बर्बाद

वनों को आग से बचाने के लिए अफसर आए दिन कार्यशाला कराते हैं। संसाधनों पर भी विभाग खर्च करता आ रहा है। बीते वर्षों में कई वन मंडलों को ड्रोन खरीदकर दिए हैं। आधुनिक कैमरे हैं। वाहन आदि के साधन है। आग बुझाने के लिए पानी के टैंकरों के इंतजामों के नाम पर खेल होते आए हैं, लेकिन जंगल को इसका फायदा मिलता नहीं दिख रहा है। यही नहीं, वन सुरक्षा समितियों और उन्हें भी समय-समय पर प्रशिक्षण देने के नाम पर भी खर्च किया जा रहा है। अधिकारियों के दावे है कि ई-सर्विलांस सिस्टम की मदद ली जा रही है। फायर अलर्ट सिस्टम के जरिए तुरंत बचाव कार्य कर रहे हैं।

# इंटर एनआईटी स्तर की साइबर सुरक्षा पर हैकाथॉन आयोजन

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और मैनिट के सहयोग से आयोजन

**भोपाल।** राजधानी स्थित मैनिट के सहयोग से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा साइबर सुरक्षा पर हैकाथॉन का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम मार्च से जुलाई 2025 तक इंटर एनआईटी स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार को स्वामी विवेकानंद सभागार, मैनिट में की गई। आयोजन मैनिट के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग विभाग तथा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में निरंजन वायंगणकर डीआईजी साइबर सेल, मध्य प्रदेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक (आईटी) मोहित कोडनानी और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जोनल हेड (भोपाल) तरसेम सिंह जीरा भी उपस्थित रहे। समन्वयक टीम का नेतृत्व डॉ. ज्योति सिंघई ने किया, साथ ही डॉ. दीपक सिंह तोमर, डॉ. आर. के. पटेरिया, डॉ. धीरज अग्रवाल, डॉ. मिथुल अहिरवार भी मौजूद रहे। विभाग के प्रमुख के रूप में डॉ. आरएन यादव कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय नेशनल हैप्पीनेस सेमिनार में आनंद संस्थान और परिषद के बीच हुआ एमओयू

# जन अभियान परिषद पर सरकार मेहरबान, सरकारी काम में बढ़ाई हिस्सेदारी




भोपाल. दोपहर मेट्रो।

कमलनाथ सरकार के समय जो जन अभियान परिषद निशाने पर था, उस पर सरकार मेहरबान है। एक के बाद एक जिम्मेदारियां दी जा रही है। अब राज्य आनंद संस्थान व परिषद के बीच एक एमओयू हुआ है। जिसके तहत परिषद के अधिकारी, कर्मचारी प्रदेश भर में लोगों का जीवन खुशहाल रखने के काम में राज्य आनंद संस्थान की मदद करेगा। इसके तहत कई गतिविधियां संचालित की जाएगी, यह काम परिषद करेगा। संस्थान उसे मदद करेगा।

इस एमओयू से परिषद के अधिकारी, कर्मचारियों को और काम मिल जाएंगे, अभी तक परिषद सरकार को दूसरे कामों में मदद करता आ रहा था। यह एमओयू सीएम डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में नेशनल हैप्पीनेस सेमिनार में हुआ। सेमिनार में सीएम ने कहा कि सुख और दुःख मनुष्य के जीवन से उसी तरह जुड़े हैं, जैसे दिन के बाद रात। लोक कल्याणकारी राज्य का प्रथम कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाए। सरकार इस दिशा में काम कर रही है।

उन्होंने सभी से सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सरकार के साथ मिलकर एक खुशहाल समाज के निर्माण में योगदान की बात कही। स्वामी समर्पणानन्द ने कहा कि जब आप सच्चे मन से किसी की सेवा करते हैं तो जो शांति मिलती है, वही आनंद है और वही जीवन का सार है। प्रोफेसर रजनीश अरोड़ा ने कहा कि आनंद व्यक्ति के भीतर से आता है, पर इसका प्रभाव व्यक्ति के चरित्र से बाहर दिखाई देना चाहिए। डॉ. एन रविचन्द्रन ने कहा कि समाज में परिवर्तन हो रहा है। सब अपने-अपने तरीकों से आनंद खोज रहे हैं। मन के संतोष से ही व्यक्ति को शांति और आनंद मिलता है।

## समापन आज इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन पीजीबीटी परिसर में होगा

# अंग्रेजी ओलंपियाड में प्रतियोगिताएं शिक्षकों और विद्यार्थियों ने की सहभागिता

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

राजधानी स्थित प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान में राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा अंग्रेजी पर केन्द्रित विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई। पहले दिन कक्षा दो और तीन के विद्यार्थियों का शिक्षकों ने मौखिक टेस्ट लिया। साथ ही कक्षा 4 से 8 के विद्यार्थियों का लिखित टेस्ट भी लिया गया।

इनमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर सहभागिता की। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले विद्यार्थी शाला स्तर, संकुल स्तर, विकासखण्ड स्तर और जिला स्तर तक प्रतियोगिताओं के विजेता बनने के बाद यहां तक पहुंचे हैं। राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड (वर्ड पॉवर चैंपियनशिप) का समापन 21 मार्च को दोपहर 3ः30 बजे भोपाल के इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन पीजीबीटी परिसर में होगा। पुरस्कार वितरण संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह करेंगे।

### कार्यक्रम में 14 लाख 60 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया

राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड में कक्षा 2 से 8 तक के करीब 14 लाख 60 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया था। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को मुंबई में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

# 30तक होंगी बीएड, एमएड की परीक्षाएं प्रैक्टिकल सहित अन्य अंक विवि को भेजने होंगे




## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने संबद्ध सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को जारी किए निर्देश

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने संबद्ध सभी कॉलेजों की बी.एड. तृतीय सेमेस्टर एवं एम.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाएं 30 मार्च तक आयोजित की जाएगी। इसको लेकर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने संबद्ध सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को अधिसूचना जारी की है और शिक्षा विभाग की प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित करने को कहा है। निर्देश दिए गए हैं कि इस लिए विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त बाह्य परीक्षकों के सहयोग से निर्धारित तिथि तक प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित कर अंक प्रविष्ठि विवि के वेब प्रकोष्ठ द्वारा आपके महाविद्यालय के लिए निर्धारित की जाएं। प्रेक्टिकल परीक्षा के अंक निर्धारित प्रपत्र पर इंटरनल और एक्सटर्नल मार्क्स एवं बाह्य परीक्षक के नाम, मोबाइल आदि के साथ प्रस्तुत किए जा। इनके अभाव में अंक स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे। सभी महाविद्यालयों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि वे विवि द्वारा घोषित तिथियों में ही प्रायोगिक परीक्षाएं संपन्न कराकर अंक निर्धारित तिथियों तक ऑनलाइन निर्धारित लिंक पर अपलोड करें। अकों की कागज प्रति भी गोपनीय शाखा में जमा कराई जाए।

# पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर में नेटवर्क कनेक्टिविटी के हो पुख्ता इंतजाम: संभागायुक्त

## आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान कार्यकारणी समिति की हुई बैठक



भोपाल. दोपहर मेट्रो।

पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान कार्यकारणी समिति की बैठक संभागायुक्त संजीव सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संभागायुक्त संजीव सिंह ने पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर में बेहतर नेटवर्क कनेक्टिविटी हेतु टावर लगवाए जाने हेतु निर्देशित किया। पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर के विकास के मास्टर प्लान, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा, वॉल फेंसिंग, स्ट्रीट्स लाइट्स एवं कॉमन कंट्रोल रूम बनाने के लिए निर्देश दिए। बैठक में एडीएम सिद्धार्थ जैन, पंडित खुशीलाल चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य उमेश शुक्ला, यूनानी महाविद्यालय की प्राचार्य मेहमूदा बेगम तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त सिंह ने पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर में इंट्रीग्रेटेड सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु मुख्य सुरक्षा अधिकारी की सेवाएं सैनिक कल्याण बोर्ड से प्राप्त करने एवं सुरक्षा प्लान,सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने, वॉल फेंसिंग करवाने, कॉमन कंट्रोल रूम एवं सम्बन्धित व्यवस्था के लिए रूप रेखा तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिए।

### सर्वसुविधायुक्त कॉम्प्लेक्स बनाकर सुविधा दी जाए

संभागायुक्त सिंह ने संस्थान में अध्ययनरत छात्र - छात्राओं के बहुमुखी विकास के दृष्टिगत संस्थान में इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए प्रस्तुत प्राक्कलन प्रस्ताव पर समीक्षा कर निर्देश दिए कि सर्वसुविधायुक्त कॉम्प्लेक्स बनाकर सुविधा प्रदान की जाए। संभागायुक्त सिंह ने संस्थान स्थित हर्बल गार्डन में औषधीय पादप प्रजातियों के पौधों को क्यू आर कोड के साथ लेवल किए जाने के सम्बन्ध में अनुमोदन प्रदान किया।

सिंह ने पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, संस्थान चिकित्सालय, बालिका छात्रावास एवं ऑडिटोरियम में दैनिक रूप से उपयोग होने वाली साफ सफाई सामग्री क्रय करने, बालिका छात्रावास हेतु वाटर कूलर विथ आरओ क्रय,संस्थान चिकित्सालय हेतु एयर कूलर क्रय हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया।



## कलेक्टर ने किया सिवनी मालवा क्षेत्र का निरीक्षण

# नगर में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अफसरों को दिए निर्देश

**अनुविभागीय अधिकारी नियमित रूप से स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक सुनिश्चित करें**





**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

गुरुवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सिवनी मालवा क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर नगर पालिका परिषद की विभिन्न योजनाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कलेक्टर द्वारा परिषद की राजस्व वसूली को तेज करने के निर्देश दिए गए तथा बड़े बकायादारों को नोटिस जारी कर वसूली न होने पर कुर्की की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही, उन्होंने कहा कि राजस्व लक्ष्य प्राप्ति के लिए नगर पालिका परिषद आवश्यकता पड़ने पर राजस्व विभाग का सहयोग भी ले। इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परिषद की आय व्यय की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की।

### नगर की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखें

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रितेश कुमार जैन, वार्ड पार्षदों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने शहर में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, यातायात व्यवस्था और अतिक्रमण की समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। तत्संबंध में कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देशित किया कि नगर पालिका प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए तथा पहले से स्थापित कैमरों की मरम्मत कराई जाए। कलेक्टर द्वारा कैमरों की मॉनिटरिंग एवं संचालन पुलिस विभाग को सौंपने के निर्देश भी दिए गए ताकि नगर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। व्यापारी संघ के सदस्यों ने शहर में नवीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण तथा यातायात व्यवस्था को सुधारने की मांग रखी। साथ ही, यातायात पुलिस की उपलब्धता किए जाने का अनुरोध भी किया। कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि इस विषय पर पुलिस अधीक्षक से चर्चा कर उचित समाधान निकाला जाएगा।

### अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जाए

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यह निर्देश भी दिए कि राजस्व विभाग, पुलिस एवं नगर पालिका सतत रूप से अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए की पुलिस विभाग के साथ समन्वय कर पुलिस गश्त बढ़ाई जाए जिससे की चोरी आदि की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### नगर विकास के लिए विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

कलेक्टर ने ऑडिटोरियम के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण कर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को सीमांकन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, नगर पालिका को शीघ्र ऑडिटोरियम निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों का भी निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एमपीईबी पूर्ण हो चुके आवासों में शीघ्र ही विद्युतीकरण कार्य पूरा करे तथा नगर पालिका द्वारा हितग्राहियों को आवास सौंपने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही, कलेक्टर द्वारा अन्य आवासों का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूरा करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने नगर के फिल्टर प्लांट एवं शिवराज पार्क का निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने पार्क में स्थित शहीद गैलरी में वीर शहीदों के स्मारकों को नमन कर उन पर पुष्प अर्पित भी किए। कलेक्टर ने कहा कि पार्क में शहीद गैलरी की स्थापना एक अच्छी पहल है इससे युवाओं को उनके बारे में जानने का अवसर तो मिलता ही है साथ ही उन्हें प्रेरणा भी प्राप्त होती है।

### आंवली घाट पर नदी प्रवाह को लेकर सर्वे के निर्देश

भ्रमण के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने आंवली घाट पहुंच कर नदी के अनियमित प्रवाह का निरीक्षण किया। स्थानीय निवासियों द्वारा बताया गया कि अनियमित प्रवाह होने के कारण जल निकासी के लिए पूर्व में किए गए वैकल्पिक मार्ग में सिल्ट (कपा) जमा होने के कारण घाट पर हादसे की संभावना बनी रहती है तथा पूर्व में कई दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। कलेक्टर सुश्री मीना ने ईई नर्मदा विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए कि घाट के समीप नदी के वेग, पानी की गहराई तथा अन्य बिंदुओं का परीक्षण कर तकनीकी सर्वे करवा कर दोष पूर्ण बिंदुओं की रिपोर्ट तैयार की जाए। कलेक्टर ने उपस्थित स्थानीय निवासियों को आश्वासन दिया है कि समस्या की रिपोर्ट तैयार करवा कर शासन स्तर तक शीघ्र ही पहुंचाई जाएगी जिससे घाट पर उत्पन्न हुई समस्याओं का समाधान किया जा सके। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने हथनापुर स्थित गौशाला पहुच कर गायों को गौ ग्रास भी खिलाया। निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष सिवनी मालवा रितेश कुमार जैन,भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती सरोज परिहार, तहसीलदार नितिन कुमार राय, सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण : सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**नर्मदापुरम.** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बुधवार देर रात नर्मदापुरम जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रात 9 बजे अस्पताल पहुंचकर मेल वार्ड, पीडियाट्रिक्स वार्ड, ओटी, मैटरनिटी वार्ड, लेबर रूम, इमरजेंसी सहित पूरे अस्पताल परिसर की सुरक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीजों से बातचीत कर उनकी केस हिस्ट्री और उपचार की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अस्थि रोग विभाग में कुछ मरीजों को इंप्लांट संबंधी दिक्कतों के चलते आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## नर्मदापुरम विकासखंड के ग्राम मेहराघाट और ग्वाडीखुर्द में किया किसान पाठशाला का आयोजन



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम विकासखंड के ग्राम मेहराघाट और ग्वाडीखुर्द में गुरूवार 20 मार्च 2025 को किसान खेत पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक और कई किसान भाई उपस्थित रहे।

किसानों को नरवाई जलाने के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें समझाया गया कि नरवाई जलाने से मिट्टी और पर्यावरण प्रदूषित होता है, और गर्मी के मौसम में आग की चिंगारी दूसरे किसानों के खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा सकती है। इसके अलावा, नरवाई में आग लगाने से मिट्टी में उपस्थित लाभप्रद जीव नष्ट हो जाते हैं, जैव विविधता समाप्त हो जाती है और मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है। किसानों को सलाह दी गई कि वे कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्र मैनेजमेंट सिस्टम अपनाएं और फसल अवशेष जलाने के बजाय सुपर सीडर, पूसा - डी कंपोजर जैसी तकनीकों का उपयोग करें। इसके अलावा, विभाग में क्रियान्वित योजनाओं जैसे कि चैक कटर, स्प्रे पंप, सूरजमुखी के उपलब्ध बीज और आने वाली मूंग की फसल के IPM और INM के बारे में भी किसानों को अवगत कराया गया।

## लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा में सेवा प्रदान ना किए जाने पर तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों पर अर्थदंड अधिरोपित

**नर्मदापुरम.** मध्य प्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत सेवाएं निर्धारित समय सीमा में प्रदान न करने पर संबंधित अधिकारियों पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा अधिनियम की धारा 7(1) की कंडिका (क) एवं (ख) के तहत यह कार्यवाही की गई है। नायब तहसीलदार नर्मदापुरम नगर सुश्री सृष्टि डेहरिया पर 2,500 रुपए, तहसीलदार पिपरिया वैभव बैरागी पर 5,000 रुपए, तहसीलदार नर्मदापुरम नगर देवशंकर धुर्वे पर 2,250 रुपए, अतिरिक्त तहसीलदार नर्मदापुरम नगर देवशंकर धुर्वे पर 750 रुपए एवं तहसीलदार इटारसी श्री शक्ति सिंह तोमर पर 1,750 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के तहत अधिसूचित सेवाओं के आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण किया जाना आवश्यक है। उक्ताशय में समय सीमा के भीतर सेवा प्रदान न किए जाने पर अधिनियम की धारा 5(2) के तहत संबंधित अधिकारियों पर यह कार्यवाही की गई है।

## केंद्रीय जेल में 'परिवर्तन - प्रिजन टू प्राईड' कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

इंडियन ऑईल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा गत दिवस परिर्वतन - प्रिजन टू प्राईड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम् खण्ड-ब में आयोजित किया गया था, कार्यक्रम का शुभारंभ वर्चुअली आई.ओ.सी. के चेअरमेन री ए.एस. साहनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में देश की छः अन्य जेले भी शामिल हुई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेलों के माध्यम से जेलों में बंद कैदियों के शारिरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का विकास करना और उनके पुर्नवास को स्थापित करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आगामी एक माह तक जेल में निरूद्ध कैदियों को राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रशिक्षकों के माध्यम से बैडमिटन, वॉली बाल, शंतरज एवं केरम का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर इंडियन ऑइल कार्पोरेशन द्वारा खेल प्रतिभागी बंदियों को खेल किट एवं ट्रैक सुट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अजय कुमार श्रीवास्तव, सीजीएम आईओसी एल, संतोष सोलंकी जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम्, युसुफ अफ्फान, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, ऋतुराज सिंह दांगी, सहायक जेल अधीक्षक, अनुप कुशवाह डीजी एमआईओसीएल, श्रीमती निष्ठा शर्मा एवं जेल तथा आईओसीएल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में जनसामान्य हेतु प्रोजक्ट कोड कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ

**नर्मदापुरम।** कार्यालय आयुक्त, तकनीकी शिक्षा भोपाल के आदेशानुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, नर्मदापुरम में दिनांक – 01 अप्रेल 2025 से जनसामान्य हेतु प्रोजक्ट कोड कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ* हो रहा है। जिसमें उपलब्ध कम्प्यूटर संसाधनों तथा इंटरनेट सुविधाओं तक जनसामान्य की पहुंच को सुगम बनाने के लिए, एक ऐसे ही ढांचे को Project 'CODE-Computer On Demand Education' अंतर्गत सक्षम करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास संस्थानों के पास उपलब्ध कम्प्यूटर संसाधनों, को कामकाजी घंटों के अतिरिक्त कम्प्यूटर से संबंधित शिक्षा प्राप्त करने/जनसामान्य के उपयोग के लिए उपलब्ध करवाया जा सकें। इस हेतु तकनीकी शिक्षा के निर्देशानुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, नर्मदापुरम में प्रोजेक्ट कोड (Project Code - Computer on Demand) का 01 अप्रेल 2025 से प्रारंभ होना है। इस हेतु जो भी व्यक्ति कम्प्यूटर से सम्बधित ज्ञान अर्जित करना चाहते है, वे महाविद्यालय के कार्यालयीन समय प्रातः 10:30 से 05:00 बजे तक दिनांक– 31/03/25 तक अपना पंजीयन कराकर प्रत्येतक सप्ताह के शुक्रवार एवं शनिवार को समय– दोपहर 03:00 से 05 बजे तक संबंधित कम्यूटर विषय में महाविद्यालय के संसाधनो का उपयोग कर सकेगें। पंजीयन एवं प्रोजक्ट कोड कार्यक्रम/योजना से संबंधित जानकारी के लिए नोडल अधिकारी विभागाध्यक्ष– श्री देवेश तिवारी मोबाईल नं. –7999832684 एवं प्राचार्य डॉ. पी.सी.नरवरे मोबाईल नं. – 9669665369 से या महाविद्यालय में आकर सम्पर्क कर सकते हैं ।

## राष्ट्रीय सहसंयोजक का हुआ सम्मान



**गंज बासौदा।** चैत्र नवरात्र भारतीय नववर्ष व ईदुल फितर की खुशिया घर घर पहुँचाने के लिऐ मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा अबकी ईद सबकी ईद अभियान के अंतर्गत व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अखिल भारतीय इंद्रेश कुमार के आह्वान पर मंच द्वारा गरीबो, मजबूरो के घर राशन किट , नवीन वस्त्र, मिठाइया, सिवैया, रोजा इफ्तार का सामान वितरण किया जा रहा है । इस अभियान में ग्राम पचमा की दलित आदिवासी मुस्लिम बस्ती में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व वक्ता सैयद शफाकत हुसैन कादरी राष्ट्रीय सह संयोजक का हरा साफा बांधकर एवं केसरिया अंग वस्त्र अर्पित कर फूल मालाऔ से भव्य स्वागत किया गया।

## राजस्व एवं खनिज विभाग की अवैध उत्खनन पर संयुक्त कार्यवाही

# अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ कार्यवाही निरंतर जारी, 1 पोकलेन मशीन की जब्त



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही जारी है।

खनिज विभाग नर्मदापुरम ने गुरुवार 20 मार्च 2025 को ग्राम बाबरी, तहसील सिवनीमालवा से 01 पोकलेन मशीन टाटा हिताची को रेत खनिज के अवैध उत्खनन में लिप्त पाया और जिसे खनिज विभाग ने जप्त कर लिया। कार्यवाही में जिला खनि अधिकारी दिवेश मरकाम, खनि निरीक्षक पिंकी चौहान, प्रधान खनि निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, खनिज सिपाही हेमन्त राज एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहे।

अवैध उत्खनन में लिप्त पाए गए जप्त वाहन के खिलाफ मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### माखन नगर में मुरूम खनिज का अवैध उत्खनन करते एक पोकलेन मशीन की गई जब्त



**नर्मदापुरम.** राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही में गुरूवार 20 मार्च को ग्राम बागरा तहसील माखननगर में मुरूम खनिज का अवैध उत्खनन करते एक पोकलेन मशीन पाए जाने पर जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में श्रीमती नीता कोरी अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व) नर्मदापुरम, दिवेश मरकाम खनिज अधिकारी, अनिल पटेल , तहसीलदार माखननगर, के के परस्ते खनिज निरीक्षक एवं होमगार्ड अमला उपस्थित रहा।

**मेट्रो एंकर** नगर पालिका में समारोह का किया गया आयोजन

# लाडली बहनाओं का होली मिलन समारोह संपन्न, जमकर उड़ा रंग-गुलाल

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका में लाडली बहनाओं एवं महिलाओं के लिए होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ नगर के जाने मानें वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद स्वर्गीय अनिल यादव के चित्र पर उनकी धर्मपत्नी शशि यादव ने रंग गुलाल लगाकर किया। कार्यक्रम में लाडली बहन एवं महिलाएं मौजूद थी। जिन्होंने जमकर फूल रंग गुलाल उड़ाया गया। एक के बाद एक महिलाओं ने भजनों एवं गीतों पर अपने नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी। सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली एवं रंग पंचमी की शुभकामनाएं दी।

नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव ने सभी बहनों को लकी ड्रॉ की पर्चियां भी बाटी और प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने पर महिलाओं को पुरस्कार भी दिए गए।



## शासकीय शिक्षक संगठन का होली मिलन समारोह



मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन द्वारा होली मिलन समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के आयोजक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि अधिकारी गण कर्मचारी संगठन को गुलाल लगाकर बधाई दी और उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियो अधिकारियो को विश्वास दिलाया की स्कूलों मे विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा देने मे हम शिक्षक कोई कमी नही रखेंगें। कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियो ने अपने अपने बिचार रखे और रंगपंचमी की बधाई दी। होली मिलन समारोह में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देबेन्द्र सिंह रघुबंशी,भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष लाखन सिंह रघुवंशी ,विकासखंड शिक्षाधिकारी, बीआरसी, प्राचार्य टीडी बर्मा सहित शिक्षक उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किए गेहूं और भूसा परिवहन पर प्रतिबंध के आदेश जारी

# प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही सख्त की जाएगी

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

सिरोंज। विदिशा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने ग्रीष्म ऋतु में हरे चारे घास की कमी को दृष्टिगत रखते हुए गौवंश के उपयोग एवं जिले में संचालित गौशालाओं में भूसे की आपूर्ति के लिए केवल गेहूं भूसा को जिले की सीमा से बाहर निर्यात या परिवहन किया जाना प्रतिबंधित किया गया है उक्त आदेश आगामी दो माह की अवधि के लिए प्रभावशील रहेगा।

यह आदेश किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक के प्रस्ताव से सहमत होकर जारी किया गया है। उक्त आदेश मात्र गेहूं भूसा निर्यात को प्रतिबंधित किया गया है। चना, मसूर, तेवडा आदि का भूसा तथा ज्वार एवं धान के डंठल के निर्यात या परिवहन प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।

जारी आदेश में उल्लेख है कि जिले के कृषकों द्वारा फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों में आग लगाई जाकर नष्ट कर दिया जाता है। जिसके परिणामस्वरूप आगजनी की घटनाएं तो घटित होती ही है, पशु चारे की कमी भी निर्मित होती है, उक्त कारणों से जिले में नरवाई को जलाया जाना प्रतिबंधित किया गया है। प्रतिबंध उपरांत फसल कटाई के अवशेषो (नरवाई) से (गोवंश) के उपयोग हेतु भूसा बनाया जाकर संधारित किया जाना आवश्यक है। वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ हो गई है, तथा जिले में जानवरो के खाने के लिए हरे घास की कमी हो जाएगी। जिले में फसल कटाई हेतु कम्बाईन हॉर्वेस्टर के साथ स्ट्रा रीपर के उपयोग यानि स्ट्रॉ मेनेजमेन्ट सिस्टम (एसएमएस) को भी अनिवार्य किया गया है, जिससे फसल अवशेषो (नरवाई) से भूसे का निर्माण हो सके।

पशुओं के आहार में आने वाले केवल गेहूं-भूसा को जिले की सीमा से बाहर निर्यात, परिवहन किया जाना प्रतिबंधित किया गया है। गेहूं-भूसा का व्हाइट कोल के रूप में उद्योगो एवं ईट के भट्टो में जलाने के लिए तत्काल प्रतिबंधित किया जाता है। गेहूँ-भूसा को कोई भी कृषक, व्यापारी या व्यक्ति या निर्यातक संस्था किसी भी प्रकार के वाहन नाव, मोटर, ट्रक, बैलगाडी एवं रेलवे अथवा अन्य परिवहन साधन द्वारा जिले के बाहर बिना कार्यकारी मजिस्ट्रेट की लिखित अनुमति के निर्यात, परिवहन नहीं करेंगे।

जिले के समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेट, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारी आदेश का क्रियान्वयन करते हुए पालन सुनिश्चित करेगें। यह आदेश विदिशा जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा में तत्काल रूप से प्रभावशील होगा। आदेश की उल्लंधन की दशा में धारा 188 तथा म. प्र. पशु चारा निर्यात नियंत्रण आदेश नियम-2000 एवं अन्य विधिक प्रावधानो के अतर्गत संबंधितो के विरूद्व कार्यवाही संपादित की जाएगी।



### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस उपभोक्ता बंधु कार्यक्रम में शामिल होकर अपने हित व अधिकारों से अवगत हो सकेंगे

सिरोंज कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर शुक्रवार 21 मार्च को लटेरी के चैरसिया पैलेस एण्ड मैरिज गार्डन में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल कुमार तंतुवाय ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्धेश्य से विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा संबंधित विभागों की जानकारी देने हेतु प्रदर्शनी के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, हित से अवगत कराया जाएगा। आम उपभोक्ताओं व नागरिकों से उक्त आयोजन में शामिल होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की अपील की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी तंतुवाय ने बताया कि नवीन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 एवं उपभोक्ता द्वारा ऑन लाइन शिकायत दर्ज करने हेतु ई दाखिल पोर्टल की कार्यप्रणाली से अवगत कराया जाएगा। वहीं ऊर्जा स्त्रोतो के अतिरिक्त अन्य स्त्रोतो को प्रोत्साहित करने को बढावा देने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार के दायित्वों का निर्वहन किया जाएगा।

### सोशल मीडिया पपर आपत्तिजनक पोस्ट, लाइक, कमेंट पर प्रतिबंध

**सिरोंज ।** विदिशा कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रौशन कुमार सिंह ने विदिशा जिले में लोक प्रशांति बनाए रखने एवं मानव जीवन तथा आमजन के जान माल की सुरक्षा हेतु आदेश जारी कर विदिशा जिले के संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, एक्स आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी जाति, समुदाय अथवा धर्म पर आपत्तिजनक अथवा उद्वेलित करने वाली फोटो, चित्र, मैसेज, सांप्रदायिक मैसेज आदि को पोस्ट करने, उनकी फॉरवर्डिंग करने, उन पर कमेंट, क्रॉस कमेंट या फिर लाइक करने की गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रौशन कुमार सिंह द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट तथा लाईक, कमेंट शेयर आदि को लेकर विभिन्न वर्ग आदि के मध्य विद्वेष तथा तनाव की सम्भावना विद्यमान रहती है। इस प्रकार की घटनायें विभिन्न क्षेत्रों से प्रकाश में आई हैं, जबकि इस प्रकार की सोशल मीडिया गतिविधियों से गंभीर कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई है। आगामी समय में मनाये जाने वाले विभिन्न त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए ऐसी फोटो, पोस्ट व वीडियो प्रसारित करने वाले व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक है। यह आदेश आज आगामी दो माह की अवधि हेतु प्रभावशील रहेगा

## रामनवमी को लेकर श्रीराम जन्म उत्सव समिति की बैठक संपन्न



सिरोंज, दोपहर मेट्रो

मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के जन्म उत्सव पर श्री राम जन्म उत्सव समिति के द्वारा विशाल चल समारोह निकाला जाएगा जिसकी तैयारी को लेकर गुरुवार को निजी गार्डन में बैठक संपन्न हुई साथ ही रघुवंशी समाज की धर्मशाला का निर्माण भी होना उसके संबंध में भी सभी से सुझाव लिए और विस्तार निर्माण के संबंध में चर्चा की श्री राम प्रभु के जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन होगा इसकी व्यवस्थाओं की अलग-अलग जिम्मेदारियां दी । चल समारोह में सभी समाजजनों और वर्गों को भी आमंत्रित किया जएगा। 6 अप्रैल दिन रविवार को श्री राम नवमी पर श्री राम जन्मोत्सव समिति के द्वारा आयोजन किया जाता है।

रघुवंशी समाज के द्वारा विशाल धर्मशाला का निर्माण किया जाएगा

**■ रघुवंशी समाज की धर्मशाला निर्माण के संबंध में हुई चर्चा**

इसके निर्माण समाज के लोगों सहयोग करने की बात कही रघुवंशी समाज के तहसील अध्यक्ष जितेंद्र रघुवंशी ने कहा कि समाज जनों जन सहयोग से ही धर्मशाला निर्माण होगा इसको संचालित करने में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी वरिष्ठों समाज जनों का मार्गदर्शन लेकर कार्य किया जाएगा। वहीं श्री राम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में श्री राम प्रभु के जन्म उत्सव के चल समारोह प्रत्येक समाज और सभी वर्गों की भागीदारी उसके लिए भी सभी से अनुरोध करते हैं कि सभी उत्साह के साथ सम्मिलित हो इस दौरान बड़ी संख्या समाज जन मौजूद थे।

### नौकरी का झांसा देकर की ऑनलाइन ठगी ,पुलिस से शिकायत

**सिरोंज।** भोले-भाले लोगों को चूना लगाने में साइबर ठगो के द्वारा नए-नए तरीकों अंजाम देकर इनकी जमा पूंजी हड़पने का काम कर रहे हैं । इसी तरह का एक मामला सामने आया। रोहित पंथी बड़ापुरा ने पुलिस को आवेदन देते हुए कहा कि नौकरी देने के नाम धोखाधड़ी की गई है इंस्टाग्राम पर सौरभ शर्मा ने जॉइंट मीटिंग करके झांसा दिया और फिर बुलबुल के बैंक खातों में अलग-अलग तारीखों में पैसे में कुल दस हजार रुपए डलवाए हैं। झांसा देने के लिए कंपनी के नाम फर्जी सर्टिफिकेट भी मुझे ऑनलाइन भेजा गया इस पर किसी के साइन नही थे इस पर मैंने कहा तो पहले कोई जवाब नहीं दिया फिर कहने लगे और पैसे देने पड़ें सौरभ शर्मा शर्मा तथा जिस कंपनी के नाम पर फर्जी बड़ा किया है इनके खिलाफ कार्रवाई करके मुझे मेरे पैसे वापस करवाए जाएं में बहुत गरीब व्यक्ति मजदूरी करके इन पैसों का इंतजाम किया था नौकरी के फेर में इनके चंगुल में फस गया। इस तरह के मामले और भी पहले आ चुके हैं साइबर फ्रॉड को लेकर जागरूक अभियान पुलिस प्रशासन चल रही है फिर भी लोग इनके जल में फंसकर अपनी जमा पूंजी बर्बाद कर रहे हैं ऐसे लोगों से सभी को सावधान रहना चाहिए। इनके द्वारा नए-नए पैंतरे अपना कर साइबर फ्रॉड किया जा रहा है।

## ओलंपियाड में चयनित 32 विद्यार्थियों व गुरुजन और अभिभावक सम्मानित किए



सिरोंज, दोपहर मेट्रो

विदिशा राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के द्वारा प्रतिवर्ष ओलंपियाड का आयोजन किया जाता है विदिशा जिले में खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के उपरांत जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक कक्षा व विषय के चयनित विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह अशासकीय सनराइजर्स स्कूल में आयोजित किया गया था।

अतिथियों द्वारा जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले कक्षा और विषय वार मैरिट में चयनित 32 छात्रों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र के साथ-साथ एक-एक बैग, टिफिन, पानी की बोतल और कंपाक्स भी प्रोत्साहन के रूप में अतिथियों द्वारा भेंट करते हुए बच्चों का हौंसला अफजाई किया गया।

सम्मान समारोह कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी ने कहा कि बच्चो की प्रतिभा में इस कार्यक्रम से निखार आया है। उन्होंने इस प्रकार की प्रतियोगिताओं को अति महत्वपूर्ण बताया।

विदिशा विधायक मुकेश टण्डन ने कहा कि जिले के श्रेष्ठ बच्चे देश स्तर पर जिले का नाम रौशन कर रहे है। उन्होंने राज्य एवं केन्द्र सरकार के द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ताओ में सुधार लाने के लिए विभिन्न स्तरो पर अध्ययन की सुविधा मिले इसके लिए सीएम राइज, पीएम श्री विद्यालय संचालित किए जा रहे है। इन सबका लाभ हम शिक्षा के माध्यम से प्राप्त कर स्वंय शिक्षित हो और विभिन्न क्षेत्रो में जिले का नाम रौशन करने की पहल करें। कार्यक्रम को श्री राकेश शर्मा ने भी सम्बोधित किया।

जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने बच्चो के सर्वागीण विकास के लिए हो रहे नवाचारो से बच्चे लाभांवित हो खासकर शासकीय स्कूलो में अध्ययनरत विद्यार्थियों को विशेष सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है अतः गुरूजनों का भी यह दायित्व है कि बच्चो के बौद्धिक विकास के लिए नवाचारो के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षित करें। उन्होंने ओलंपियाड परीक्षा में पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों, गुरूजनों और उनके अभिभावको को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे इसी प्रकार आगे की परीक्षाओं में भी अपनी ख्याति से जिले का नाम रौशन करेंगे। कार्यक्रम में डीपीसी आरपी लखेर के द्वारा आयोजन के उद्धेश्यों को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर डाइट प्रिसिंपल जीपी राठी समेत अन्य गुरूजन, पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थी व उनके अभिभावकगण मौजूद रहें।

## लटेरी में बीते कुछ माह पहले बिजली विभाग की लापरवाही से 7 मौतें, आरोप

**■ कांग्रेस का हल्लाबोल, सुनील कुमार आदिवासी बोले-सरकार जागे, वरना जनता जगाएगी**





सिरोंज, दोपहर मेट्रो

लटेरी क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण करंट लगने से 7 निर्दोष नागरिकों की दर्दनाक मौत हो गई थी, लेकिन चार महीने बीत जाने के बाद भी भाजपा सरकार पीड़ित परिवारों को कोई सहायता राशि उपलब्ध नहीं करा सकी। यह सरकार की असंवेदनशीलता और भ्रष्टाचार का घिनौना प्रमाण है।

प्रदेश में आपकी सरकार , सरकार आपके द्वार अभियान का ढोंग किया जा रहा है, लेकिन जब पीड़ित परिवारों को राहत देने की बात आती है, तो सरकार की संवेदनशीलता और प्रशासनिक तत्परता कहीं गायब हो जाती है। अगर भाजपा का प्रशासन जनता की समस्याओं को हल करने में सक्षम नहीं है, तो फिर यह सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार बढ़ाने के लिए है!

धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह घटना सिर्फ हादसा नहीं, बल्कि बिजली विभाग की आपराधिक लापरवाही और भाजपा सरकार की प्रशासनिक विफलता का नतीजा है। अगर सरकार को जनता की कोई परवाह होती, तो इन परिवारों को अब तक न्याय मिल चुका होता।

एड. सुनील कुमार आदिवासी ने कहा-चार महीने बीत गए, लेकिन भाजपा सरकार अब तक पीड़ित परिवारों को एक रुपया भी नहीं दे सकी। यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि सत्ता में बैठे लोगों की क्रूर मानसिकता को दर्शाता है। सरकार आपके द्वार का प्रचार सिर्फ जनता को गुमराह करने के लिए है, असल में भाजपा सरकार भ्रष्टाचार और लूट में लगी हुई है। अगर जल्द ही पीड़ित परिवारों को न्याय और मुआवजा नहीं मिला, तो जनता के साथ मिलकर हम बड़ा आंदोलन छेड़ेंगे!

### भाजपा सरकार जवाब दे

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही मुआवजा नहीं दिया गया, तो भाजपा सरकार को जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। सवाल यह है कि जब भाजपा सरकार हर दिन करोड़ों रुपये के प्रचार अभियान चला सकती है, तो इन गरीब परिवारों की मदद क्यों नहीं कर सकती?

धरना प्रदर्शन में नीरज अग्रवाल, नरेश सक्सेना, मनोज अग्रवाल, बसंत कुशवाह, गुलाब अहिरवार, रविन्द्र जादौन, अरविंद धाकड़, अंकित जैन, आसिफ खान, सामाजिक कार्यकर्ता समाजसेवी कविता भील, श्याम भील, ममता भील, महेंद्र भील सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**मेट्रो एंकर** 20 रोज हुए खत्म ईद की तैयारियो में जुटे मुस्लिम समुदाय

## ईदगाह भी नमाज के लिए हुई तैयार, बाजार में बढ़ेगी खरीदारी , प्रशासन भी मुस्तैद

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

मुस्लिम समुदाय के द्वारा रमजानों में पूरे 30 से रोज शिद्दत के साथ रखकर मालिक की इबादत की जा रही है। रोजे रखने में बुजुर्गों से लेकर छोटे-छोटे बच्चे भी रोजे रखकर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। पांच टाइम की नमाज अदा करने के बाद रात्रि में तराबियां आदि करके अमन चैन की दुआ कर रहे हैं। रोगी को चलते देर रात तक बाजार में चल पहल रहती है। 20 रोज़ निकल चुके हैं मुस्लिम समुदाय को ईद की आहट भी करीब दिखाई देने लगी है जिसके चलते मुस्लिम समाज जन ईद की तैयारी में भी जुट गया है। घरों की साफ सफाई के साथ रंगा पुताई का काम भी प्रारंभ हो गया है । ईद के चलते बाजार में खरीदारी का दौरा भी धीरे-धीरे बढ़ रहा है आने वाले दिनों में ईद पर अच्छी ग्राहकी होगी इसकी तैयारी भी व्यापारियों ने कर ली है नए कपड़े सिलवाने का काम भी प्रारंभ हो गया है। ईद की मुख्य नमाज ईदगाह पर होती है इसबार समय से पहले वहां पर जो व्यवस्थाएं पिछले बार रह गई थी उनका पूर्ण करवा लिया गया है। नमाजियों को ईद के दिन नमाज अदा करने में किसी भी तरह परेशान ना हो उसके लिए साफ सफाई के साथ पुताई और कंक्रीट आदि का काम भी ईद कमेटी ने करवा दिया गया है। 10 दिनों के बाद ईद का



त्यौहार बड़े ही उल्लास के साथ मनाया जाएगा वहीं मुस्लिम समुदाय के द्वारा ईद का त्योहार बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है 2 दिनों तक ईद की रौनक रहती है। वही जैसे-जैसे ईद नजदीक आती जा रही है। वहीं रोज अफतार के आयोजन भी सक्षम लोगों के द्वारा करवाए जा रहे हैं प्रतिदिन कई लोगों के द्वारा रोजेदारों को रोज अफतार पार्टी दी जा रही है। इसका भी विशेष महत्व मुस्लिम समुदाय में बताया गया इसीलिए इनके आयोजन भी नगर में बड़ी संख्या में हो रहे। सईद खान ने बताया कि रमजान के महीने में रोजे रखकर मलिक की इबादत करना बड़ा सबबका काम होता है पांच टाइम की नमाज अदा करने के साथ तरबिया भी करते हैं मालिक से अमन चैन की दुआ करते हैं ईद का त्योहार हमारे लिए दिवाली होली की तरह होता है। इसकी तैयारी अभी से प्रारंभ हो गई है रोज बुजुर्गों से लेकर छोटे बच्चे भी रख रहे हैं इस महीने में मलिक की विशेष रहमत बरसती है। रोज अफतार भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में शहर में आयोजित हो रहे हैं यह भी हमारे धर्म में बताया जो सक्षम है वह इसका आयोजन करते हैं। ईदगाह प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष वसीम खान ने बताया कि 31 को ईद मनाई जाएगी ईद की विशेष नमाज यहीं पर होती है। इससे पहले यहां पर जो भी काम होना थे।वह सारे काम करवा दिए गए हैं नमाजियों को किसी भी तरह की असुविधा ना उसको विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए सारे काम यहां पर करवा दिए गए हैं ,साफ-सफाई के साथ पुताई का काम भी हो गय है। जाहिद खान ने बताया की रोजा रखने में कोई परेशानी होती है मालिक की रहमत से रोज अच्छे से हो रहे हैं रोजे रखकर खुद की हमें इबादत कर रहे हैं ईद की तैयारियो में भी हम लग गए हैं।

### बाजार में बढ़ेगी रौनक

ईद के चलते बाजार में भी खरीदारी बढ़ने से चहल-पहल रहेगी ईद पर व्यापारियों को अच्छा व्यापार होने की उम्मीद है इसके चलते कई व्यापारियों ने कपड़ों से लेकर खाने पीने की सामग्री का स्टॉक करना प्रारंभ कर दिया है कुछ दिनों के बाद खरीदारी बढ़ जाएगी। मिठाई का विशेष महत्व है तो मिठाई के विक्रेता भी ईद को लेकर तैयारियां करने में लगे हुए हैं। दूसरी और प्रशासन और पुलिस के द्वारा भी ईद को लेकर पूरी अलर्ट मोड पर है वैसे यहां पर सभी त्योहार मिलजुलकर मनाए जाते हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पाकिस्तान को नहीं हुआ 869 करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारतीय मीडिया में आई उन खबरों को गलत बताया, जिनमें दावा किया गया था कि हाल ही में खत्म हुए चैंपियंस ट्रॉफी में 869 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद बोर्ड को 85 प्रतिशत का नुकसान हुआ है। यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से 9

**पीसीबी का दावा- हमें तो फायदा हुआ**

मार्च के बीच हुआ था। पीसीबी के प्रवक्ता आमिर मीर और मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) जावेद मुर्तजा ने कहा कि 29 साल बाद पाकिस्तान में हुए आईसीसी



टूर्नामेंट ने बोर्ड के रिवेन्यू में काफी वृद्धि की है।प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए पीसीबी अधिकारियों ने चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने पर बोर्ड को हुए नुकसान के दावों को खारिज कर दिया और बताया कि उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी से 3 अरब रुपये कमाए।आमिर मीर ने कहा, %टूर्नामेंट के सभी खर्च आईसीसी ने उठाए थे। पीसीबी ने गेट मनी और टिकटों की बिक्री से राजस्व अर्जित किया और ऑडिट के बाद, हमें आईसीसी से अतिरिक्त 3 अरब रुपये मिलने की उम्मीद है।

मीर ने आगे कहा कि बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी से 2 अरब रुपये की कमाई का शुरुआती लक्ष्य रखा था, लेकिन उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान इस लक्ष्य को पार कर लिया। साथ ही मीर ने यह भी बताया कि उनको 3 अरब रुपये का फायदा हुआ। बता दें कि टूर्नामेंट का फाइनल दुबई में खेला गया था जहां भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया था। टीम इंडिया ने अपने सभी मुकाबले दुबई में खेले थे।

## कल से आईपीएल की शुरूआत

# शेड्यूल में हुआ आंशिक बदलाव कोलकाता से मैच गुवाहाटी शिफ्ट

**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग को लेकर तैयारियों का सिलसिला तेज है। कल इसका आगाजहोगा। इस 18वें सीजन का फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। ओपनिंग मुकाबला ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच होना है। मगर उससे पहले एक बड़ी खबर सामने आ रही है कि आईपीएल के शेड्यूल में बड़ा बदलाव किया गया है। दरअसल, 6 अप्रैल को कोलकाता टीम और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला खेला जाना था यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होना था। अब इस मैच को सुरक्षा कारणों से शिफ्ट कर दिया गया हैऐ। यह मैच कोलकाता की बजाय गुवाहाटी में खेला जाएगा पिछली बार की तरह इस सीजन में भी ढ्डक्कमें 10 टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों के बीच 65 दिनों में फाइनल समेत कुल 74 मुकाबले खेले जाएंगे. यह सभी मुकाबले भारत के ही 13 वेन्यू पर होंगे। इस बार आईपीएल के 62 मुकाबले शाम के समय ही खेले जाएंगे। जबकि 12 मैच दोपहर समय में होंगे। भारतीय समयानुसार दोपहर के मुकाबले 3.30 बजे से खेले



जाएंगे. जबकि शाम के मुकाबले 7.30 बजे से शुरू होंगे. इस बार आईपीएल 2025 सीजन में कुल 12 डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे. यह सभी डबल हेडर शनिवार और रविवार को ही होंगे। आईपीएल में डबल हेडर का मतलब एक दिन में दो मुकाबले से होता है। डबल हेडर के दिन फैन्स को रोमांच का डबल डोज मिलता है. ओपनिंग मैच इस बार शनिवार (22 मार्च) को होगा. यानि ठीक अगले दिन रविवार को पहला डबल हेडर देखने को मिलेगा. इस दौरान दोपहर में सनराइजर्स हैदराबाद की टक्कर राजस्थान रॉयल्स से होगी. जबकि शाम को चेन्नई सुपर किं ओपनिंग मुकाबला ईडन गार्डन में कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा. सीएसके का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होना है.

**कई अजब रेकार्ड, जिनका टूटना मुश्किल -** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जिसे छूना भी नामुमकिन सा लगता है। 9 सालों से यह रिकॉर्ड अटूट है। कोहली के नाम एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा 973 रन बनाने का रिकॉर्ड है। यह उपलब्धि 2016 में हासिल की थी. तब कोहली ने 4 सेंचुरी और 7 हाफ सेंचुरी लगाई थीं. हालांकि गुजरात टाइटन्स की ओर से खेलते हुए शुभमन गिल ने 2023 सीजन में 890 रन बनाए थे. वह इस रिकॉर्ड के बेहद करीब आ गए थे।

**कोहली-डिविलिर्स के नाम पार्टनरशिप का रिकॉर्ड -** आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ी पार्टनरशिप का रिकॉर्ड विराट कोहली और एबी डिविलियर्स ने बनाया है। 2016 सीजन में दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की थी और गुजरात लायंस के खिलाफ मैच में दोनों ने मिलकर 229 रन जोड़े थे. इस मैच में कोहली-डिविलिर्स दोनों ने ही शतक लगाए थे. कोहली ने 55 गेंद पर 109 रनों की पारी खेली, जबकि डिविलियर्स ने 52 गेंद पर 129 रन ठोके थे.

**गेल ने जड़ी सबसे तेज सेंचुरी -** आईपीएल 2013 सीजन में क्रिस गेल बेंगलुरु का हिस्सा थे. तब उन्होंने पुणे वॉरियर्स के खिलाफ मैच में 30 गेंदों पर सेंचुरी जड़ दी थी।

यह ढ्डक्ककी सबसे तेज सेंचुरी है, जो अब भी अटूट है. उनके बाद दूसरा नंबर डेविड मिलर का है, जिन्होंने इसी 2013 सीजन में पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए ऋष्क्कके खिलाफ 38 गेंदों पर जडी थी। इसी तरह आईपीएल में सबसे तेज हाफ सेंचुरी का रिकॉर्ड राजस्थान रॉयल्स ओपनर यशस्वी जायसवाल के नाम है। उन्होंने 11 मई 2023 के दिन कोलकाता

# राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत ने लगाई बोली

**2010 में आखिरी बार हुआ था यह आयोजन**

**नई दिल्ली**

भारत ने 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए बोली पेश की है। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि खेलों की मेजबानी में दिलचस्पी दिखाने से संबंधित दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च थी। सूत्र ने बताया कि भारतीय ओलंपिक संघ ने मेजबानी के लिए जरूरी दस्तावेज कुछ दिन पहले भेजे हैं। भारत की बोली आईओए और गुजरात राज्य



द्वारा प्रस्तुत की गई है। अगर भारत की बोली स्वीकार कर ली जाती है और देश को मेजबानी मिलती है तो इसका आयोजन गुजरात के अहमदाबाद में होगा।

हाल ही में खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा था कि देश खेलों की मेजबानी करने में रुचि रखता है। भारत ने अंतिम बार 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की थी और देश का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का भी है।

# वुशू फेडरेशन कप चैंपियनशिप 24 से

**हमीरपुर।** वुशू महिला-पुरुष वर्ग फेडरेशन कप 24 से 28 मार्च तक छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में खेला जाएगा। फेडरेशन कप में हिमाचल की दोनों टीमें भाग लेंगी। पुरुष वर्ग में 10 और महिला वर्ग में 12 खिलाड़ी सांसू और तालू स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अखिल भारतीय वुशू खेल संघ के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव पीएन आजाद ने



बताया कि पुरुष वर्ग की टीम में सांसू स्पर्धा में सोनू 60 किलोग्राम, पीयूष 65 किलोग्राम, उत्तम चंद 70 किलोग्राम, सुनील कुमार 75 किलोग्राम और हर्षित संसपाल 90 किलोग्राम भार की प्रतियोगिता में भाग लेंगे ।तालू प्रतियोगिता में ललित चौहान गुनशू, हेमराज ननक्कॉन, अंशुमन ननक्कॉन, शेर सिंह ताईजीक्कॉन व्यावहारिक और अजय कुमार विंगचुंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। महिला वर्ग की सांसू स्पर्धा में गुलशन 75 किलोग्राम भार में भाग लेंगी। तालू स्पर्धा में रिया वर्मा, शीला बगुआझां, शिवानी गुनशू, ज्योति ननदऊ, दीक्षा ननक्कॉन, पायल ननक्कॉन, आर्य ताईजीजियॉन, रजनी देवी ताईजिक्कॉन व्यावहारिक, मनोरमा जियांशू में भाग लेंगी।

# चीन व थाईलैंड से भारत में ऐसा क्या आ रहा जिसकी शुरू हुई जांच !

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने चीन और थाईलैंड से आने वाले फ्लेक्सिबल स्लैबस्टॉक पॉलीओल (एफएसपी) पर एंटी-डंपिंग जांच शुरू कर दी है। यह जांच डायरक्टरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमिडीज यानी डीजीटीआर के एक नोटिफिकेशन के अनुसार की जा रही है। एफएसपी का इस्तेमाल गद्दे, तकिए, फर्नीचर और पैकेजिंग बनाने में होता है।यह जांच इसलिए शुरू की गई है क्योंकि भारत में एफएसपी बनाने वाली एकमात्र कंपनी मनाली पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड ने शिकायत की थी कि सस्ते आयात से घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। मनाली पेट्रोकेमिकल्स ने यह भी कहा कि चीन को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था माना जाए।डीजीटीआर ने कहा कि



मनाली पेट्रोकेमिकल्स ने इस बात के सबूत दिए हैं कि एफएसपी के आयात से घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। उसने नोटिस में कहा कि भारत में उत्पादन और खपत के मुकाबले आयात की मात्रा काफी बढ़ गई है। चीन और थाईलैंड से आयात की कीमतें भी काफी गिर गई हैं। डीजीटीआर के मुताबिक, इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि चीन और थाईलैंड से डंप किए गए आयात से घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है।मनाली पेट्रोकेमिकल्स का कहना है कि चीन और थाईलैंड से एफएसपी को कम कीमत पर भारत में बेचा जा रहा है। इसे डंपिंग कहा जाता है।

**मनोरंजन** **बालीवुड कोना**

# छावा 5वें हफ्ते भी दहाड़ी, द डिप्लोमैट ने वसूली लागत

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की छावा ने एक बार फिर साबित किया है कि वह तुक्के में ब्लॉकबस्टर नहीं बनी है। इस फिल्म ने अपने 5वें हफ्ते में भी 33.45 करोड़ रुपये का शानदार बिजनस किया है। संभाजी महाराज के शौर्य और पराक्रम की गाथा कहने वाली इस पीरियड ड्रामा फिल्म को रिलीज हुए 1 महीने से अधकि वक्त बीत चुका है। लेकिन दिलचस्प है कि यह अभी भी करोड़ों में कारोबार कर रही है। इतना ही नहीं, बीते शुक्रवार को रिलीज हुई द डिप्लोमैट की तुलना में इसने गुरुवार को 35वें दिन भी करीब दोगुनी कमाई की है। हालांकि, जॉन अब्राहम की फिल्म बहुत अच्छी





स्थिति में नहीं है, लेकिन फिर भी यह अपने पहले हफ्ते में करीब-करीब अपना लागत वूसल चुकी है। लक्ष्मण उतेकर के डायरेक्शन में बनी छावा ने 5 हफ्तों में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कुल मिलाकर 572.95 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। इसमें तेलुगू वर्जन से 14 दिनों में 14.07 करोड़ की कमाई भी शामिल है। छावा बीते दो हफ्तों से तेलुगू वर्जन में भी दिखाई जा रही है। मजेदार बात यह है कि फिल्म का बजट 130 करोड़ रुपये है। यानी यह अपनी लागत के मुकाबले 340.73त्न का मुनाफा कमा चुकी है। 14 फरवरी को रिलीज के बाद अपने 5वें गुरुवार को छावा ने देश में 2.35 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। सिनेमाघरों में 35वें दिन फिल्म के शोज में औसतन 9त्न सीटों पर दर्शक नजर आए हैं। फिल्म जादुई अंदाज में अभी भी करोड़ों में कमा रही है। जबकि आगे वीकेंड में कमाई बढ़ने के पूरे आसार है। छावा के पास खुलकर कमाई करने के लिए अभी भी 9 दिन हैं, क्योंकि 30 मार्च को सलमान खान की सिकंदर रिलीज होने वाली है।

# 2028 तक होंगे 77 करोड़ 5जी उपभोक्ता

**नई दिल्ली।** देश में अगले तीन साल में यानी 2028 तक 5जी उपभोक्ताओं की संख्या 2.65 गुना बढ़कर करीब 77 करोड़ पहुंच जाएगी। अभी इनकी संख्या 29 करोड़ है। नोकिया की सालाना मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में पूरे भारत में 5जी डाटा के इस्तेमाल में सालाना आधार पर तीन गुना की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

दिसंबर, 2024 में प्रति ग्राहक औसत मासिक 5जी डाटा खपत बढ़कर 40 जीबी पहुंच गई।?रिपोर्ट में कहा गया है कि 4जी और 5जी डाटा की खपत मिलकर पांच साल में 19.5 फीसदी की सालाना वृद्धि दर से बढ़कर 2024 में 27.5 जीबी पहुंच गई। रिपोर्ट के मुताबिक, 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) के निरंतर बढ़ने से डाटा खपत में वृद्धि हो रही है।

# शेयर बाजार में हरियाली सेंसेक्स 267 अंक चढ़ा, निफ्टी 23250 के पार

**मुंबई।** प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को गिरावट के साथ खुले, लेकिन जल्द ही अपनी स्थिति मजबूत कर ली। उसके बाद ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह से निवेशकों की धारणा को समर्थन मिलने के कारण बढ़त के साथ कारोबार होता दिखा।शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 252.8 अंक गिरकर 76,095.26 अंक पर आ गया।



वहीं एनएसई निफ्टी 57.85 अंक गिरकर 23,132.80 अंक पर आ गया। हालांकि, बाद में दोनों बेंचमार्क सूचकांकों ने शुरुआती नुकसान की भरपाई कर ली और बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। बीएसई बेंचमार्क इंडेक्स 205.09 अंक बढ़कर 76,550.97 पर और निफ्टी 70.05 अंक बढ़कर 23,262.55 पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में बजाज फाइनेंस, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, मारुति, पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फिनसर्व शामिल रहे। हालांकि, इंफोसिस, टाइटन, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स और जोमैटो पिछड़ गए। एशियाई बाजारों में सियोल और टोक्यो सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे जबकि शंघाई और हांगकांग में गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को अमेरिकी बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 3,239.14 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी।

**करण जौहर का किस्सा**

# करण ने लिखा आनी वाली फिल्म के लिए नोट, अनाउंस की केसरी चैप्टर 2



बॉलीवुड प्रोड्यूसर करण जौहर के बारे में सोशल मीडिया पर आए दिन बहुत कुछ लिखा और कहा जाता है. यूजर्स उन्हें नेपोटिजम जैसे मुद्दे पर अक्सर घेरते नजर आए हैं. लेकिन फिल्ममेकर ने स्टार किड्स के अलावा कई सारे टैलेंटेड आउटसाइडर्स के साथ भी काम किया है. वो इंडस्ट्री के सबसे बड़े फिल्ममेकर में से एक हैं. हर साल वो अपने प्रोडक्शन हाउस से बड़ी-बड़ी फिल्में रिलीज करते हैं. इस साल भी वो अक्षय कुमार, आर.माधवन और अनन्या पांडे स्टारर केसरी चैप्टर 2 लेकर आ रहे हैं. करण ने अपने इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट शेयर की है. जिससे अंदाजा लग रहा है कि उन्होंने अपनी फिल्म केसरी चैप्टर 2 का ऑफिशियल अनाउंसमेंट किया है. करण ने एक नोट लिखा है जिसमें वो अपनी आने वाली फिल्म के बारे में बता रहे हैं. उन्होंने अपने नोट को एक केसरी रंग के बैकग्राउंड पर लिखा है. फिल्ममेकर ने लिखा, जब मैंने साल 2003 में आई फिल्म कल हो ना हो से प्रोड्यूसर बनने की शुरुआत की थी. तब मेरी सोच थी कि हम फिल्ममेकर्स और स्टोरीटेलर्स को ताकतवर बनाकर आगे लेकर जाएं।

# कॉन्ट्रोवर्सी के बीच समय रैना ने टाल दिया अपना इंडिया टूर



पिछले कुछ दिनों से कॉमेडियन समय रैना का शो इंडियाज गॉट लेटेंट विवादों में आया हुआ है. यूट्यूब से इस शो के सारे एपिसोड्स डिलीट कर दिए गए हैं. कॉमेडियन समय रैना भी इंडिया से बाहर हैं. अब कॉमेडियन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैन्स को जानकारी दी है कि वो अपना इंडिया टूर रीशिड्यूल कर रहे हैं. समय रैना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में लिखा- हेलो दोस्तों, मैं अपना इंडिया टूर रीशिड्यूल कर रहा हूं. आप सभी को आपके पैसे वापस मिल जाएंगे. बता दें कि समय आजकल कनाडा में हैं वो वहां अपने कॉमेडी टूर के लिए गए हुए हैं. हालांकि, कुछ दिनों में समय दिल्ली में परफॉर्म करने वाले थे, लेकिन अब क्योंकि वो इंडिया टूर रीशिड्यूल कर चुके हैं, ऐसे में कॉमेडियन वापस नहीं लौट रहे हैं.इस महीने के शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर इलाहाबादिया को उनके द्वारा किए गए कॉमेंट पर फटकार लगाई थी. दरअसल, रणवीर ने समय के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में एक ऐसा सवाल कर दिया था, जिसके बाद लोगों उन्हें ट्रोल करने लगे थे. सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा था कि आज के युवा उन्हें पुरानी पीढ़ी मानते हैं ।

# अज्ञात वाहन ने महिला को मारी टक्कर, मौत

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित मेघरा कलां जोड़ पर अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी। घटना मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात की है। महिला को राहगीरों ने निजी वाहन से बैरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। वहां इलाज के दौरान कुछ ही देर बाद महिला की मौत हो गई।



पुलिस का कहना है कि महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार मेघरा कलां जोड़ पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे राहगीरों ने एक महिला को घायल अवस्था में देखा था। महिला के हाथ पैर और सिर में गंभीर चोट थी। उसे राहगीरों ने निजी वाहन ने बैरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया। वहां करीब एक घंटे बाद डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि महिला के पास से कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। महिला इलाके में लंबे समय से घूमते फिरते देखी गई थी। यह भी बताया जाता है कि उसका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। अनुमान है कि करीला मेला में कस्बे में भीड़ भाड़ थी। इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने उसे सड़क पार करते समय टक्कर मार दी।

# छह लाख दहेज में मांग रहे जिम संचालक ने शादी तोड़ी, केस दर्ज

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र में दहेज के लिए छह लाख रुपए की मांग कर रहे युवक ने युवती से शादी तोड़ दी। दोनों की एक महीने पहले ही सगाई हुई थी और अगले महीने अप्रैल में शादी होनी थी। इससे पूर्व युवक ने जिम में काम करवाने का कहकर युवती से छह लाख रुपए की नगदी की मांग की। युवती ने रुपए नहीं होने की बात कही तो युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर युवक के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार विवेकानंद कॉलोनी, निवासी अफसाना अंसारी (30) की सगाई फरवरी महीने में सैज उल्ला खान से हुई थी। सैज उल्ला जिम का संचालन करता है। सगाई के बाद दोनों की अप्रैल में शादी होनी थी। शादी से पहले सैज ने अफसाना को बताया कि उसे जिम का काम कराना है और इसके लिए छह लाख रुपए लगेंगे। बाद में सैज अफसाना से रुपए की व्यवस्था करने की बात कहने लगा। अफसान ने कहा कि इतनी बड़ी रकम वह नहीं दे सकेंगी। इस पर सैज ने कहा कि वह पहले जिम का कराएगा फिर ही शादी करेगा। अफसाना के परिजन ने उसे समझाइश देने की कोशिश की, लेकिन उसने शादी से सिरे से इंकार कर दिया। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।




# होटल में युवती से दुष्कर्म फिर शादी करने से किया इंकार

**भोपाल।** बजरिया थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवती हरियाणा की रहने वाली है, जबकि आरोपी सारंगपुर, जिला शाजापुर का है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 23 साल की युवती हरियाणा की रहने वाली है। इधर सारंगपुर निवासी अरसील से उसकी पहचान हरियाणा में हुई थी। अरसील उस समय काम की तलाश में हरियाणा गया हुआ था। वहीं उसकी पीड़िता से पहचान हो गई। वह पीड़िता को भोपाल में काम की तलाश में ले आया और अस्सी फीट रोड स्थित एक होटल में रुका था। इस दौरान आरोपी ने शादी का प्रलोभन देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाए। कुछ दिन बाद युवती ने शादी का कहा तो आरोपी शादी से इंकार करने लगा। युवती घटना की शिकायत लेकर स्थानीय थाने में पहुंची थी। वहां पता चला कि घटनास्थल भोपाल का है और शिकायत भी वहीं दर्ज की जाएगी। लिहाजा वह बजरिया थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।



## अरेरा कॉलोनी में डॉक्टर के सूने मकान से दिनदहाड़े चोरी

# 70 हजार की नगदी, मोबाइल और लाइसेंसी पिस्टल चुरा ले गए बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हबीबगंज थाना क्षेत्र की अरेरा कॉलोनी में अज्ञात बदमाश दिनदहाड़े डॉक्टर के सूने मकान का ताला तोड़कर 70 हजार रुपए की नगदी, मोबाइल और लाइसेंसी पिस्टल चुराकर ले गए। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार हबीबगंज थानांतर्गत अरेरा कालोनी में रहने वाले डॉक्टर राजीव सक्सेना डीआईजी बंगला के पास क्लीनिक चलाते हैं। उनकी पत्नी और बेटा भी डॉक्टर है। गुरुवार सुबह करीब दस बजे सभी लोग अपनी ड्यूटी पर चले गए थे। शाम करीब चार बजे वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था। चैक करने पर घर में रखे 70 हजार रुपए नकद, एक मोबालि फोन और लायसेंसी पिस्टल के 30 कारतूस समेत अन्य सामान गायब था। बाद में डॉक्टर सक्सेना ने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पॉश इलाके में दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पता चलता है कि बदमाशों के हौसले कितने बुलंद हैं। सोने की चैन लूटने का प्रयास इधर पिपलानी इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने की चैन लूटने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक शैलश्री पटनायक (54) बिजली कालोनी आनंद नगर में रहती हैं और गृहणी हैं। गुरुवार की शाम को वह टहलने के लिए घर से निकली थी। शाम करीब साढ़े सात बजे वह एसओएस रोड की तरफ जा रही थी। दीप मोहिनी गेट के पास पहुंचते ही बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके गले पर झपट्टा मारकर चैन छीनने का प्रयास किया, लेकिन शैलश्री ने गले पर हाथ रख लिया, जिससे बदमाशों के हाथ में चैन नहीं आई। जब उन्होंने शोर मचाया तो दोनों बदमाश मौके से भाग निकले। इधर खूजरी सड़क स्थित एवरग्रीन गार्डन परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान महिला के गले से सोने का नेकलेस गायब हो गया। घटना पिछले साल नवंबर की बताई गई है। पुलिस ने लालघाटी निवासी अंजू नामक महिला की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।

फरियादी ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी एक जन्मदिन के कार्यक्रम में शामिल होने पर पहुंची थी, तभी बेटी के गले से नेकलेस गायब हो गया था। लाखों का माल उड़ाने वालों का सुराग नहीं शाहपुरा में किराना कारोबारी के घर से लाखों का माल चोरी करने वालों का सुराग नहीं लग पाया है। जानकारी के अनुसार रोहित नगर में रहने वाले जयगोपाल अग्रवाल किराना व्यवसायी हैं। बीती अट्ठारह मार्च को वह परिवार के साथ ओंकारेश्वर चले गए थे। वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला और भीतर सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियों के लॉक भी उखड़े हुए थे। चैक करने पर घर में रखे करीब दस लाख रुपये नकद और करीब बीस लाख रुपये कीमत के जेवरात गायब थे।



## सफर के दौरान चोरी करने वाला बदमाश गिरफ्तार चार वारदातों का किया खुलासा

**भोपाल।** सफर के दौरान यात्रियों का सामान चोरी करने वाले एक बदमाश को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। आरोपी बिहार का रहने वाला है और गिरोह बनाकर वारदातों को अंजाम दे रहा था। उसके पास से चोरी का कुल सवा दो लाख रुपए का माल बरामद हुआ है। प्रारंभिक पूछताछ में कुल चार वारदातों का खुलासा हुआ है। पुलिस उसके गिरोह में शामिल अन्य साथियों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार एसपी रेल राहुल कुमार लोढ़ा ने ट्रेनों में होने वाली चोरी की वारदातों को रोकने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में जीआरपी इटारसी को सूचना मिली कि भोपाल छोर स्थित हनुमान मंदिर के पास एक संदेही युवक बैठा हुआ है और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपीट की टीम ने संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम दीपक कुमार (38) ग्राम झिटकिया, थाना महेशखूंट, खगडिया़ बिहार बताया।

# ज्वैलरी शॉप से 1.13 लाख के चांदी के कड़े चुराने वाली महिला गैंग बेसुराग

**सम्राट कॉलोनी की ज्वैलरी शॉप पर चार बुर्कापोश महिलाओं ने की थी वारदात**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सम्राट कॉलोनी में चार दिन पहले ज्वैलरी शॉप से 1 लाख 13 हजार रुपए के चांदी के कड़े चुराकर भागीं चार बुर्कापोश महिलाओं का अब तक सुराग नहीं लगा है। आरोपी महिलाएं सीसीटीवी कैमरे में वारदात को अंजाम देते कैद हुई थीं, लेकिन उस समय चारों महिलाओं ने अपने चेहरे पर नकाब लगाया था लिहाजा उनके चेहरे नजर नहीं आए है। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से रूट मेप तैयार कर आरोपी महिलाओं तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। महिला गैंग का सुराग लगाने के लिए पुलिस ने मुखबिर तंत्र भी सक्रिय कर दिया है।

पुलिस के अनुसार सम्राट कॉलोनी निवासी शशिकांत सोनी (42) रिद्धि सिद्धि ज्वैलर्स के नाम से घर के नीचे ज्वैलरी शॉप का संचालन करते हैं। सोमवार 17 मार्च की दोपहर करीब तीन बजे शशिकांत अपने पिता को दुकान पर छोडकर खाना खाने घर चले गए थे। करीब चार बजे लौटे तो काउंटर पर रिपेयरिंग का सामान पड़ा मिला। संदेह होने पर जब उन्होंने आभूषण चैक किए तो काउंटर पर रखा चांदी के कड़ों से भरा डिब्बा गायब था। पिता से पूछा तो वह इससे अंजान नजर आए। सीसीटीवी चैक करने पर फुटेज में चार बुकार्पोश महिलाएं नजर आईं। तीन महिलाओं ने बुजुर्ग पिता को बातों में उलझाया और चौथी महिला ने हाथ की सफाई दिखाते हुए चांदी के कड़ों से भरा डिब्बा चोरी कर लिया। फुटेज देखने के बाद शशिकांत ने थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई।

## पंचमी में रंग-गुलाल लगवाने से मना किया तो नुकीले हथियार से हमला

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर, बिहारी मोहल्ला में एक युवक ने रंग-गुलाल लगाने से मना किया तो दो युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी और नुकीले हथियार से हमला कर दिया। नुकीला हथियार कंधे के पास लगने से युवक को गंभीर चोट आई है। उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार 45 साल का जसवंत यादव, बिहारी मोहल्ला मरघट के पीछे सुभाष नगर में रहता है और एमपी नगर में ठेला लगाता है। बुधवार को रंगपंचमी के दिन वह मोहल्ले में रहने वाले पप्पू भवानी के घर बैठा था। दोपहर करीब दो से तीन बजे के बीच हेमू चंदेल व गोलू सेन पप्पू भवानी के घर पहुंचे। उन्होंने जसवंत से कहा कि गुलाल रंग लगवा लो। जसवंत ने कहा कि मुझे एलर्जी है। इस पर गोलू सेन जसवंत को गोद में उठाकर बाहर ले आया। बाहर लाकर उससे मारपीट करने लगा। बचाव के लिए जसवंत ने शोर किया तो उसका छोटा भाई हरप्रसाद पहुंच गया और उसे गोलू से बचाने लगा। इसी बीच गोलू सेन और हेमू चंदेल ने मेरे छोटे भाई हरप्रसाद के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपियों किसी नुकेले हथियार से हमला किया था, जो जसवंत के कंधे पर लगा। विवाद की भनक लगते ही जसवंत और हरप्रसाद का छोटा भाई परसराम भी मौके पर पहुंच गया था। इस दौरान आरोपी वहां से भाग निकले।

# कोलार में दूसरा थाना खुलेगा कजलीखेड़ा में बनेगा थाना

**कजलीखेड़ा में थाना बनाने लंबे समय से किए जा रहे थे प्रयास**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल। राजधानी के कोलार क्षेत्र में जल्द ही दो थाने होंगे। पुलिस मुख्यालय ने इसके लिए आदेश जारी कर दिए है। कजलीखेड़ा पुलिस सहायता केंद्र को थाना बनाए जाने को लेकर लंबे समय प्रयास किए जा रहे थे। दरअसल, क्षेत्र बड़ा होने और जनसंख्या को देखते हुए थाने की बहुत जरूरत थी।

कजलीखेड़ा में होने वाले अपराध और वहां होने वाली समस्याओं को लेकर लोगों को कोलार थाने आना पड़ता था, जो कजलीखेड़ा इलाके से काफी दूर था। वहीं पुलिस को भी इन क्षेत्रों में पेट्रोलिंग करने में परेशानी होती थी। स्वीकृति मिलने के बाद कजलीखेड़ा को लेकर जल्द परिसीमन कर यहां थाना बनाने के लिए जमीन भी स्वीकृति की जाएगी। आदेशानुसार कलेक्टर समिति थाना क्षेत्र को लेकर परिसीमन करेगी और ये तय करेगी कि कितना क्षेत्र फसल थाना क्षेत्र में आना चाहिए तो साथ ही कहां थाना बनाया जाएगा।

## बीमारी से परेशान युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित कमल नगर रेलवे ट्रैक पर गुरुवार सुबह एक युवक की क्षत-विक्षत लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। पुलिस के अनुसार अहसान नगर करोंद निवासी कमर अली (45) बीमार थे। उन्हें हार्ट की समस्या सहित अन्य बीमारियां थीं। इसके अलावा उन्हें सुनाई कम देता था और दिखता भी कम था। वह डंडे का सहारा लेकर चलते थे। शारीरिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह इन दिनों कोई काम नहीं कर रहे थे। परिजन उनका इलाज करा रहे थे। विगत 19 मार्च की रात वह थोड़ी देर में आने का कहकर घर से निकले थे।






**मेट्रो एंकर** गांधीनगर थाना क्षेत्र का मामला

# कॉलोनी गेट पर शराब पीने से रोका तो बेरहमी से पिटाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित आर्केड मेस्टिक कॉलोनी में बुधवार देर रात दर्जनभर बदमाशों ने पॉश कॉलोनी में हंगामा कर दिया। शराब पीने से मना करने पर एक युवक के साथ उन्होंने मारपीट कर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दर्जनभर से अधिक बदमाशों के खिलाफ मारपीट, बलवा का केस दर्ज किया है। घटना का एक वीडियो सामने आया है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान में जुटी है। गांधीनगर पुलिस के अनुसार 42 वर्षीय आनंद टहलानी आर्केड मेस्टिक कॉलोनी एयरपोर्ट रोड पर रहते हैं और बैंककर्मी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बुधवार रात करीब दस बजे कॉलोनी के गेट व आसपास कुछ लोग शराब पी रहे थे। इस पर एतराज उठाते हुए कॉलोनीवासियों ने उन्हें रोका। इस पर उनसे बहस हो गई। तभी उन्होंने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में दर्जनभर से अधिक बदमाश कवर्ड कैम्पस में जबरन दाखिल हो गए। हंगामा करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उनके हाथों में हथियार थे। हमले से उनके सिर में चोट आई है।

**सुबह पांच बजे तक दी दबिश, भेजा जेल** - घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें बदमाश हाथ में डंडा लिए मारपीट कर रहे हैं। करीब एक घंटे तक आरोपियों ने कॉलोनी में हंगामा किया। इस बीच रहवासियों ने पुलिस को सूचना दे दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान में जुटी है।



## रंगपंचमी मनाने के बहाने आए युवकों ने किया चाकू से जानलेवा हमला

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा इलाके में डेयरी पर रंगपंचमी मनाने के बहाने पहुंचे आरोपियों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू सिर में और कंधे पर लगने से युवक को गंभीर चोट है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार 28 साल का सौरभ यादव अपने चाचा की लांबाखेड़ी स्थित दूध डेयरी पर रहता है और डेयरी का काम संभालता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि चाचा की डेयरी का विवाद चल रहा है। विवाद के चलते हर्षित रंगपंचमी में रंग गुलाल लगाने के बहाने डेयरी पर पहुंचा था। उसके साथ उसके साथी भी मौजूद थे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022